आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 16 अंक 319 ● कटनी ● शनिवार, 24 दिसम्बर, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● पौष शुक्ल पक्ष-प्रतिपदा ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

हत्या की सजा काट रही गर्भवती महिला कैदी अस्पताल से फरार

नर्मदापुर, यशभारत। नर्मदापुरम की सेंट्रल जेल में लापरवाही का मामला सामने आया है। हत्या की सजा काट रही गर्भवती महिला कैदी अस्पताल से फरार हो गई। इसके बाद तो जैसे हड़कम्प मच गया। तीन घंटे बाद पुलिस ने उसे नर्मदापुरम से सात किलोमीटर दूर बुदनी से गिरफ्तार किया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार हत्या के मामले में सजा काट रही आठ महीने की गर्भवती महिला कैदी की तबियत बिगड़ गई थी। उसे हीमोग्लोबिन की कमी की समस्या थी। इस वजह से उसे जिला अस्पताल लाया गया। वहां उसने दो महिला गार्ड्स को चकमा दिया और फरार हो गई।

जन विश्वास प्रावधान संशोधन विधेयक
संसद की संयुक्त समिति को भेजा

राज्य सभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा संयुक्त समिति में शामिल

नई दिल्ली, यशभारत। केंद्र सरकार ने छोटी-छोटी गलतियों को अपराध के दायरे बाहर रखने के प्रावधान वाला जन विश्वास प्रावधान संशोधन विधेयक 2022 गुरुवार को लोकसभा में पेश किया, सदन ने इस विधेयक को अध्ययन एवं विचार के लिए संसद के दोनों सदनों की 31 सदस्यीय संयुक्त समिति को भेजने के

प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। संसद के आगामी सत्र में केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल द्वारा संसद में पेश किए जाने वाले जन विश्वास संशोधन बिल के प्रावधानों में संशोधन के लिए गठित संयुक्त समिति में राज्यसभा के सदस्य के रूप में राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा को भी नामित किया गया है।समिति में नामित लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य जन विश्वास संशोधन विधेयक के संबंध में अपने सुझाव देंगे। विधेयक का उद्देश्य छोटे मोटे अपराधों को नियंत्रित और उन्मूलन है ताकि सुलभ शासन और आम जनजीवन सहज हो सके। इस विधेयक के माध्यम से 19 मंत्रालयों से जुड़े 42 अलग-अलग कानूनों में 183 प्रावधानों को अपराध की श्रेणी से बाहर रखने का प्रस्ताव किया है, जनता का विश्वास एवं व्यापारियों का विश्वास सबसे महत्वपूर्ण है तथा इससे अदालतों पर भी भार कम होगा. उन्होंने कहा कि इसलिए इसका नाम जनविश्वास प्रावधान संशोधन विधेयक, 2022 रखा गया है.जिन कानूनों को संशोधित किया जा रहा है, उनमें ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स अधिनियम 1940 क अधिनियम 1944, फार्मेसी अधिनियम 1948, सिनेमेटोग्राफ अधिनियम 1952, इट अधिनियम 1957 पेट अधिनियम 1970, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम 1986 और मोटर वाहन अधिनियम 1988 शामिल है. इनके अलावा ट्रेड मार्फ अधिनियम 1999. रेलवे अधिनियम 1989 सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000, धनशोधन रोकथाम अधिनियम 2002 और मानक अधिनियम 2006 सीगल मेट्रोलोनियम 2009 और नियम 2011 भी है।

नफरत की बाजार में प्यार की दुकान खोलने आए हैं

दिल्ली पहुंचते ही गरजे राहुल गांधी

नई दिल्ली, ईएमएस। कन्याकुमारी से शुरू हुई कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की च्भारत जोडो यात्रा 108वें दिन शनिवार सुबह फरीदाबाद से होते हुए बदरपुर बॉर्डर के रास्ते दिल्ली में प्रवेश कर गई। इस दौरान दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष अनिल चौधरी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी और यात्रियों का बदरपुर बॉर्डर पर जोरदार स्वागत किया।इस यात्रा पार्टी नेताओं के साथ हजारों की तादाद कार्यकर्ता और लोग राहुल गांधी के साथ चल रहे हैं। भारत जोड़ो यात्रा के दिल्ली में प्रदेश करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि कुछ लोग नफरत फैला रहे हैं, लेकिन देश का आम आदमी अब प्यार की बात कर रहा है। हर राज्य में लाखों लोग यात्रा

में शामिल हुए हैं। मैंने आरएसएस-बीजेपी के लोगों से कहा है कि हम यहां आपके नफरत के बाजार में प्यार की दुकान खोलने आए हैं।भारत जोड़ो यात्रा बदरपुर बॉर्डर से दिल्ली में दाखिल होकर आश्रम चौक होते हुए लाल किला जाकर समाप्त होगी। इस दौरान यह यात्रा 23 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। दिल्ली पुलिस ने एक ट्रैफिक एडवाइजरी जारी कर लोगों को जाम से बचने के लिए भारत जोड़ो यात्रा के मार्ग दाले रास्तों से बचकर चलने की सलाह दी है।बता दें कि यात्रा साल के अंत में नौ दिन का ब्रेक लेगी और 3 जनवरी को फिर से दिल्ली से शुरू होगी।सितंबर को कन्याकुमारी से शुरू हुई यात्रा अब तक नौ राज्यों से गुजर चुकी हैं और जनवरी के अंत तक जम्मू और कश्मीर में समाप्त होने वाली है। यात्रा अपने 108वें दिन पर है और भी राज्यों तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश राजस्थान और हरियाणा के16 जिलों में लगभग 3000 किलोमीटर की दूरी तय कर चुकी है।

सोनिया-प्रियंका यात्रा में शामिल

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, रॉबर्ट वाड्रा और राहुल गांधी सहित कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता च्भारत जोड़ो यात्राज्में शामिल हुए।

ITO पर कमल हासन भी जुड़ेंगे

दिल्ली के आईटीओ पर अभिनेता कमल हासन भी भारत जोड़ो यात्रा में जुड़ेंगे। यात्रा में हर वर्ग के लोग जुड़ रहे हैं। लोगों में यात्रा को लेकर खासा उत्साह दिखाई दे रहा है।

घबराएं नहीं, कोरोना के अभी हालात ऐसे नहीं कि प्रतिबंध जाए जाएं पर सतर्क रहें

चीन समेत 5 देशों से आने वाले यात्रियों के लिए RT-PCR जरूरी

नई दिल्ली, ईएमएस। कोरोना की नई लहर के कारण चीन की लगातार खराब हो रही स्थिति को देखते हुए भारत भी हर आ गया है। केंद्र सरकार ने राज्यों से अलर्ट रहने के लिए कहा है। इसके लिए टेस्टिंग और ट्रेसिंग क दिया है। वहीं, लोगों के मन में कोरोना को लेकर लगाए जाने वाले पाबंदियों को लेकर सवाल उठ रह इस बीच केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने साफ कर दिया है कि देश कोरोना की स्थिति अभी ऐसी नहीं है कि कड़े प्रतिबंध लगाए जाएं। हालांकि, उन्होंने यह जरूर कहा कोरोना खत्म नहीं हुआ है, सतर्क रहें।

24 घंटों में 201 नए कोरोना केस

देश में पिछले 24 घंटों में 201 नए कोरोना केस सामने आए हैं। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि भारत में एक्टिव मामले 3,397 हैं, जो कुल मामलों का 0.01त्न है। रिकवरी रेट फिलहाल 98.8त्न है। पिछले 24 घंटों में 183 लोग ठीक हुए हैं, जिससे ठीक होने वालों की कुल संख्या 4,41,42,791 हो गई है।27 दिसंबर को अस्पतालों में मॉक ड्रिल होगी मांडविया ने राज्यों से 27 दिसंबर को अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाओं की मॉक ड्रिल करने के लिए कहा है। खासकर ऑक्सीजन प्लांट और वेंटिलेटर को लेकर राज्यों को आगाह किया। गौरतलब है कि 2020-21 में इन दो चीजों की भारी कमी हुई थी। ऐसे में केंद्र सरकार इन व्यवस्थाओं को पुख्ता रखना चाहती है।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा- 75प्रश लोगों ने बूस्टर डोज नहीं लगवाई

वैक्सीन को लेकर स्वास्थ्य मंत्रालय की रिपोर्ट आई है। इसमें बताया गया है कि देश में 75प्रश लोगों ने बूस्टर डोज नहीं लगवाई है। अभी तक किसी भी राज्य में बूस्टर डोज का कवरेज 50त्न तक नहीं पहुंचा है। हालांकि, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और ओडिशा में 40प्रश से ज्यादा लोगों ने बूस्टर डोज लगवा ली है। आज से एयरपोर्ट पर विदेश से आने वाले यात्रियों की रैंडम टेस्टिंग शुरू होगी। आर्मी ने एडवाइजरी जारी कर जवानों को कोविड प्रोटोकॉल जैसे मास्क पहनने, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने के लिए कहा। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि चीन, जापान, साउथ कोरिया, हांगकांग और थाईलैंड से आने वाले यात्रियों के लिए RT-PCR टेस्ट जरूरी होगा। यदि इन देशों के किसी भी यात्री में कोविड-19 के लक्षण पाए जाते हैं या टेस्ट पॉजिटिव पाया जाता है तो इन लोगों को क्वारैंटाइन किया जाएगा।

सारण में एक डॉक्टर की वजह से गई 78 जान

जहरीली शराब बनाने में होम्योपैथिक दवा का हुआ था इस्तेमाल, डॉक्टर समेत 5 गिरफ्तार

छपरा, एजेंसी। बिहार के सारण में जहरीली शराब से 78 लोगों की जान गई। शुरुआती जांच में स्प्रिट से मौत का कारण बताया गया। एसआईटी ने 9 धंधेबाजों को गिरफ्तार किया। शुक्रवार को इस कांड में बड़ा खुलासा किया गया।प्रेसवार्ता में सारण एसपी संतोष कुमार ने बताया कि जहरीली शराब बनाने में होम्योपैथिक दवा का उपयोग किया गया। एक प्रैक्टिशनर डॉक्टर ने दवा सप्लाई की है।पुलिस ने डॉक्टर समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। प्रशासनिक रिपोर्ट के अनुसार अब तक इस कांड में 38 ही लोगों की मौत हुई है।जिनका विसरा जांच के लिए भेजा गया है। सारण में जहरीली शराब कांड मामले में मास्टरमाइंड डॉक्टर की संलिप्तता सामने आई है, जोकि होम्योपैथिक दवाओं से शराब बनाता था और उसे सहयोगी और वेंडरों के माध्यम से जिले के कोने-कोने तक पहुंचाता था।उसके द्वारा ब्रांडेड लेबल बनाकर उसे बोतल में अंग्रेजी शराब के रूप में बेचा जाता था। सीवान में हुई जहरीली शराब से मौतों का जिम्मेदार भी यही डॉक्टर है।

भारतीय मूल का एक शख्स जैकपॉट में रातों-रात बना करोड़पति

दुबई एजेंसी। दुबई में भारतीय मूल का एक शख्स अजय ओगुला जैकपॉट में रातों-रात करोड़पति बन गया। उसे अमीरात में लकी ड्रॉ में 15 मिलियन दिरहम (33 करोड़ रुपये) की लॉटरी लगी है। जैकपॉट जीतने के बाद उसने कहा कि उसे अभी भी यकीन नहीं आ रहा है। चार साल पहले वह नौकरी की तलाश में भारत से आया था तब से वह एक फर्म में ड्राइवर की नौकरी करता है और हर महीने 3200 दिरहम कमा लेता है। उन्होंने बताया कि वह इस रकम को कहां इनवेस्ट करेंगे। दुबई में अजय ओगुला ने अमीरात ड्रा में 15 मिलियन दिरहम (33 करोड़) का पुरस्कार जीता है। पुरस्कार जीतने के बाद, ओगुला ने कहा,

च्मुझे अभी भी विश्वास नहीं हो रहा है कि मैंने जैकपॉट मारा। संयुक्त अरब अमीरात के दैनिक खलीज टाइम्स ने अजय ओगुला के हवाले से बताया कि दक्षिणी भारत के एक छोटे से गांव से ताल्लुक रखने वाले ओगुला चार साल पहले नौकरी की तलाश में संयुक्त अरब अमीरात आए थे। खलीज टाइम्स ने बताया कि वर्तमान में एक ज्वैलरी फर्म में ड्राइवर के रूप में काम करते हुए वह हर महीने 3200 दिरहम कमाते हैं। ओगुला ने कहा, मैं इस राशि से अपना चैरिटी ट्रस्ट बनाना जारी रखूंगा। इससे कई लोगों को मेरे गांव और पड़ोसी गांवों में बुनियादी जरूरतें पूरी करने में मदद मिलेगी।

मुंबई की पोर्न स्टार कर रही ब्लैकमेल युवक ने मां , पत्नी समेत खाया जहर

उज्जैन, एजेंसी। मध्य प्रदेश के उज्जैन जिले से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। उज्जैन के खाराकुआ थाना क्षेत्र में एक परिवार के तीन सदस्यों ने कथित तौर पर एक पोर्न स्टार द्वारा ब्लैकमेल किए जाने के बाद जहर खा लिया। उज्जैन निवासी आशी खान ने मां और पत्नी के साथ जहर खाने का वीडियो भी बनाया। उन्होंने वीडियो में आरोप लगाया कि कथित तौर पर मुंबई की पोर्न स्टार अवैध संबंधों के नाम पर उसे ब्लैकमेल कर रही है। आरोपी लड़की असम के गुवाहाटी की रहने वाली बताई जा रही है। उसने कचित तौर पर मुंबई में एयरहोस्टेस के रूप में भी काम किया है। पीड़ितों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनका इलाज किया जा रहा है। तीनों की हालत गंभीर बताई जा रही है।शहर खाने वाले युवक ने वीडियो बनाया जिसमें उसने जहर खाने कारण स्पष्ट किया है। दरअसल, कुछ दिन युवक जेल से जमानत पर बाहर आया है। युवक पर दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज हुआ था। पुलिस सूत्रों की मानें तो उज्जैन का शादीशुदा आशी खान मुंबई की एक युवती से दिल लगा बैठा था। गर्भवती हो गई। युवती ने युवक पर विवाह करने का दबाव बनाया तो उसने पहले से विवाहित होने की बात कह कर शादी करने से इनकार कर दिया। युवती ने युवक पर पहले महाराष्ट्र और फिर उनमें दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज करा दिया। इस मामले में युवक जेल में बंद था। बताया जाता है कि जेल में रहते हुए दोनों के बीच कुछ सहमति बनी जिसके बाद दतीने कोर्ट में राजीनामा पेश कर दिया। इस आधार पर युवक की जमानत मिल गई और उस जैन से बाहर आ गया। युवती ने फिर युवक पर शादी का दबाव बनाया। युवक का कहना है कि सूती उसे राम देने के लिए दो बार डेढ़-डेढ़ लाख रुपये ले चुकी है। अब यह पांच लाख रुपये की मांग कर रही है। पराका का कहना है कि उसके परिवार की ऐसी स्थित नहीं है कि वह युवती को इतनी बड़ी एक इसलिए उसने परिवार के साथ यह कदम उठाया है।

कार और ट्रक की भिड़ंत में 4 की मौत

रॉन्ग साइड से आ रहा था ट्रक, पिचक गई कार

मुलताई, ईएमएस। बैतूल हाईवे पर शुक्रवार देर रात कार और ट्रक की भीषण भिड़ंत हो गई। कार सवार 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, 1 ने बाद में दम तोड़ दिया। दुर्घटना मुलताई में रिलायंस पेट्रोल पंप के पास रात 1 बजे हुई। संजीवनी 108 के ईएमटी डॉक्टर महेश झलिये ने बताया कि कार ड्राइवर को गंभीर हालत में नागपुर रेफर किया गया था। कार ड्राइवर ने भी बाद में दम तोड़ दिया। कार पूरी तरह से पिचक गई। ड्राइवर कार में बुरी तरह फंसा हुआ था। उसे पुलिस कर्मियों की सहायता से करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद निकाला जा सका। ट्रक की टक्कर से कार बुरी तरह पिचक गई। इसमें सवार दो महिलाओं सहित तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि ट्रक रॉन्ग साइड से बैतूल की ओर जा रहा था। ट्रक ने बैतूल से मुलताई की ओर आ रही कार को सामने से टक्कर मार दी। हादसे में जान गंवाने वाले तीन लोगों के शव मुलताई के सरकारी अस्पताल में लाए गए हैं। इनमें दो महिलाएं और एक पुरुष है।हादसे में कार चला रहे संजीवकांत भगत (48) निवासी झारखंड गंभीर घायल थे। उनकी भी मौत हो गई। वे काला आखर (इटारसी, होशंगाबाद) में सीनियर सेक्शन इंजीनियर के पद पर पदस्थ थे। दूसरे मृतक की पहचान रेलकर्मी राजकुमार सिसोदिया (32) निवासी भौरा के रूप में हुई है। अभी महिलाओं की पहचान नहीं हो पाई है।

सूक्ष्म वैदिक गणना युक्त

विश्वसनीय पंचांग

मनी हाइस्ट की तरह सुरंग बनाकर SBI में सोना चोरी

15 दिन की प्लानिंग...8 फिट अंडरग्राउंड रास्ता बनाया, टॉप अधिकारियों पर शक

कानपुर, एजेंसी। स्पेन की क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज मनी हाइस्ट की तरह ही सुरंग खोदकर कानुपर में सोने की चोरी हुई। यह चोरी सचेंडी स्थित स्ख्छ बैंक में हुई। चोरों ने पहले प्लानिंग की, फिर बैंक के पीछे से 8 फीट सुरंग खोदी और करीब 2 किलो सोना ले गए। यह घटना बुधवार देर रात की है। पुलिस का मानना है कि चोरों ने वारदात के लिए 15 दिन की प्लानिंग की होगी। उनको शक बैंक के टॉप अधिकारियों पर है। मनी हाइस्ट को लेकर लोगों का मानना है कि इस वेब सीरीज में दुनिया की सबसे बड़ी चोरी दिखाई गई है। कहानी एक प्रोफेसर की है, जो स्पेन के सबसे बड़े बैंक से सोना चुराने के लिए 25 साल प्लानिंग करते हैं। इसके बाद अपने दोस्तों को चोरी करने के लिए 6 महीने की ट्रेनिंग देते हैं। कई किलोमीटर की सुरंग बनाकर पूरे स्पेन का पैसा और सोना चुरा लेते हैं। सुरंग को बैंक के पिछले हिस्से बनी दीवार से बनाया गया। यह कब से बन रही थी, इसके बारे में कोई पता नहीं चल पाया है।

ऐसी सुरंग बनाई, जो स्ट्रांग रूम में खुली

चोरों ने बैंक के पिछले हिस्से से सुरंग बनाई। जो सीधे जाकर स्ट्रांग रुम पर खुली, फिर ड्रिल मशीन से फर्श तोड़कर अंदर घुसे। स्ट्रांग रूम के लॉकर को गैस कटर से काटकर करीब 2 किलो सोना चुरा लिया। चोरों ने इतनी सफाई से काम किया कि बैंक का अलार्म भी नहीं बजा। गुरुवार सुबह जब बैंक स्टॉफ पहुंचा तो वारदात का पता चला।पुलिस ने सुरंग की जांच के लिए एक व्यक्ति को अंदर भेजा। वह करीब 3 से 4 मिनट में स्ट्रांग रूम तक पहुंच गया।

सोना ले गए, लेकिन लाखों का कैश छोड़ गए

चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस कमिश्नर बीपी जोगदंड मौके पर पहुंचकर जांच की। यहां एक रोचक बात यह निकली कि गोल्ड के ठीक बगल में एक और पेटी रखी थी। इसमें 35 लाख रुपए थे, लेकिन चोरों ने उसे छुआ तक नहीं। पुलिस का मानना है कि बैंक के अंदर ड्रिल करने और सोना चुराने में ही चोरों को ज्यादा समय लग गया होगा, इसीलिए उन्होंने कैश को छोड़ दिया।

पुलिस बाहर बैठी रही और अंदर लुट गया बैंक

सवाल उठता है कि आखिर चोरों ने इस बैंक को क्यों चुना? तो ब्रांच के मैनेजर नीरज राय ने कहा कि इस बैंक के पीछे कोई भी घर नहीं है और न ही कोई रहता है। चोर जब सुरंग खोद रहे थे और ड्रिलिंग कर रहे थे तो किसी को भनक तक नहीं लगी। मैनेजर ने बताया कि रात में बैंक के पीछे चोर पहुंचे। दीवार पुरानी बनी थी। आसानी से टूट गई, इसके बाद सुरंग खोदी और सोना चुरा लिया।

निगम चुनाव में आए अप्रत्याशित परिणाम

दोनों दलों को सबक देकर गुजरा 2022

भाजपा ने निर्दलीय से गंवाया महापौर का ताज, कांग्रेस पहुंची तीसरे नंबर पर, अब नए साल में मंत्रीपद की उम्मीद

कटनी, यशभारत। नए साल के आगमन और पुराने साल की बिदाई का समय नजदीक आते ही कटनी के राजनीतिक परिदृश्य की याद आना स्वाभाविक है। राजनीतिक रूप से बीतता वर्ष 2022 हर वक्त याद आएगा। कारण किसी से छिपा नहीं है। इस साल को नगर निगम चुनाव ने यादगार ही नहीं बेमिसाल भी बना दिया।

दो साल के इंतजार के बाद चुनाव

समय से करीब दो साल बाद हुए स्थानीय निकाय चुनाव कटनी की राजनीति में बड़े बदलाव की कहानी गढ़ गया। सत्ता पक्ष और विपक्ष की जोर आजमाइस के बीच महापौर पद पर निर्दलीय प्रीति सूरी ने जिस तरह से जीत हासिल की वह इतिहास के पन्नों में दर्ज तो हो ही गया। सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस का सबक भी दे गया। दो साल तक कोरोना की मार झेलते शहर और इसकी राजनीति में नगर निगम ही नहीं नगर पंचायत और जनपद तथा जिला पंचायत के निर्वाचन से एक नई इबारत लिखी गई। अधिकांश परिणाम आशानुकूल ही थे।

सफलता के बावजूद रह गई टीस

जनपद से लेकर नगर पंचायत और फिर जिला पंचायत हर जगह भारतीय जनता पार्टी का परचम उसकी इच्छा के अनुसार ही लहराया किन्तु जिस चुनाव में सबसे ज्यादा लोगों की नजर थी उस पर भाजपा कब्जा करने से चूक गई। भाजपा ने इस चुनाव में पूरी शक्ति लगा दी। केन्द्रीय मंत्रियों से लेकर स्थानीय और खुद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने भी लोगों को साधने की पूरी कोशिश की। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं स्थानीय सांसद विष्णुदत्त शर्मा पूरे चुनाव में मेहनत की। भाजपा की मेहनत और उसके परंपरागत वोट बैंक को देखकर लग रहा था कि अंततः भाजपा महापौर पद फतह कर लेगी पर कब भाजपा के नीचे से जीत की जमीन खिसक गई पता ही नहीं चला।

भाजपा संगठन में दिखा साइड इफेक्ट मगर कांग्रेस को कोई फर्क नहीं

महापौर चुनाव में भाजपा को भले ही सम्मान जनक वोट हासिल हुए लेकिन सभी को मालुम है हार तो हार ही होती है। वो भी एक ऐसे पार्टी के कार्यकर्ता से जो कल तक पार्टी के दायित्व को निभा रहे थे महापौर चुनाव में

भाजपा की जिला मंत्री रहीं प्रीति सूरी की जीत के बाद हालांकि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने यह बोल कर संतोष व्यक्त किया कि हमारे ही कार्यकर्ता की जीत हुई है यह लोगों को शायद समझ में नहीं आया। अब इसके साइड इफेक्ट तो होने ही थे लिहाजा भाजपा ने ज्यादा देर नहीं की और जिला भाजपा का नेतृत्व अर्थात रामरतन पायल की जिला संगठन के मुखिया पद से बिदाई हो गई। हालांहि पार्टी ने उन्हें प्रदेश कार्यसमिति में सदस्य बना दिया। पर यह होना ही था सबसे मालूम था। कटनी में भारतीय जनता पार्टी के लिए इसलिए भी काफी महत्वपूर्ण क्योंकि कटनी से ही भाजपा की राजनीति के केन्द्र बिन्दु अर्थात व्हीडी शर्मा का संसदीय क्षेत्र है। इधर बात कांग्रेस की करें तो गुजरता वर्ष उसके लिए न खोया न पाया जैसा ही रहा। नगर निगम चुनाव में ओव्हर ऑल तो कांग्रेस को नुकसान हुआ लेकिन यह वैसा भी नहीं था महापौर चुनाव में कांग्रेस की तीसरे नंबर की पोजीशन उसके चुनाव प्रचार को देख कर ही आनी प्रतीत होने लगी थी। इसके बाद 45 वार्डों में उसके पार्षद प्रत्याशियों का प्रदर्शन ठीक ठाक दिखा हालांकि चुनाव जीतने वाले चेहरे वही थे जिनके जीतने की संभावना पहले से ही थी। पर गुजरते वर्ष में अभी तक कांग्रेस ने संगठन स्तर पर इस पराजय का कितना मंथन किया यह छिपा नहीं है।

कांग्रेस में हार की जिम्मेदारी तय नहीं हो सकी

भाजपा ने जहां इस हार को गंभीरता से लिया तो कांग्रेस अब तक यह तय ही नहीं कर पाई की इस हार को लेकर संगठन में किसकी जिम्मेदारी तय की जाए। अब चर्चा है कि जाते साल के अंतिम सप्ताह में कांग्रेस के जिला संगठन में परिवर्तन हो सकता है। इधर नगर पंचायतों तथा जिला और जनपदों में भी कांग्रेस सन 2022 की हार को भुला ही देना चाहेगी। गांव से कांग्रेस को उम्मीद रहती है लेकिन इस साल उसकी गांव की उम्मीद भी जाती दिखी। पंचायत चुनाव में किसी से नहीं छिपा कि भाजपा विधायक संजय सत्येंद्र पाठक की मेहनत ने रंग दिखाया। सभी जनपद ही नहीं उन्हीं के विधानसभा क्षेत्र में आने वाली तीन नगर पंचायतों में निर्विरोध अध्यक्ष बनाने का रिकार्ड कायम रखा। इसी तरह जिला पंचायत में भी उनकी रणनीति पूरे प्रदेश में चर्चा का कारण बनी। महत्वपूर्ण माने जाने वाले जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव में भाजपा ने निर्विरोध निर्वाचन करा कर खूब वाहवाही बटोरी।

अब नए साल से मंत्रीपद मिलने की उम्मीद

कटनी जिले में भाजपा की तीन सीटें हैं। इन तीनों सीटों में भाजपा की जीत जोरदार हुई थी। कांग्रेस की सरकार बनीं तो कटनी के तीनों विधायक संजय पाठक, संदीप जायसवाल, प्रणय पांडे को सरकार बचाने और गिराने की स्क्रिप्ट में प्रमुखता से देखा गया बावजूद इसके कटनी जिले को साल 2022 में मंत्रीपद नहीं मिल सका। अब जबकि विधानसभा चुनाव को मात्र 11 माह बचे हैं फिर से मंत्रीमंडल गठन की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। अबकी बार कटनी को मंत्रीमंडल में स्थान मिलना तय है अब देखना है कि यह यह बीतते वर्ष में हो पाएगा या फिर अगले साल अर्थात 2023 का इंतजार करना होगा।

कटनी की फुटबाल टीम ने बनारस में दिखाया जलवा

कटनी, यशभारत । कटनी की फुटबाल टीम ने बनारस के सोनभद्र में जलवा बिखेरा है। दुद्धी ब्लॉक के महुली कस्बे में चल रहे राजा बरियार शाह मेमोरियल फुटबाल टूर्नामेंट के पांचवें दिन बृहस्पतिवार को तीन मैच खेले गए। इसमें कटनी, प्रधान संघ और बावतपुर की टीमें जीत हासिल करने में सफल रही। पहला मैच एक दिन पहले 1-1 गोल कर बराबरी पर छूटी कटनी और चंदौली के बीच खेला गया। इसमें फर्स्ट हाफ शुरू होते ही चंदौली के चार नंबर खिलाड़ी रेहान ने गोलपोस्ट के भीतर डायरेक्ट शूट कर खेल में रोमांच भर दिया। कड़ी टक्कर में कटनी के बारह नंबर जर्सी के खिलाड़ी ईशान ने खेल के आखिरी मिनट में चंदौली की ओर गोल कर स्कोर बराबर कर दिया। मैच रेफरी जमाल अख्तर ने ट्राई ब्रेकर कराने का निर्णय लिया इस दौरान कटनी की टीम ने चंदौली को 4-3 गोल से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश पा लिया। दूसरे मैच में दुद्धी ब्लाक स्तरीय प्रधान संघ की टीम ने अधिवक्ता संघ को 1-0 गोल से हरा दिया। ब्लाक प्रमुख रंजना मणि चौधरी ने विजेता प्रधान संघ की टीम के कैप्टन को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। तीसरा मैच बावतपुर और हिंडाल्को रेणूकुट के बीच हुआ। इसमें निर्धारित समय सीमा में कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। निर्णायक मंडल ने दोनों टीमों के बीच ट्राई ब्रेकर कराया जिसमें बावतपुर ने हिंडाल्को रेणुकूट को 3-1 गोल से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना लिया।

जर्जर स्कूलों में पढ़ने को मजबूर छात्र

स्कूलों के खस्ताहाल भवनों को देख अभिभावक भी बच्चों को स्कूल भेजने से कतरा रहे

कटनी, यशभारत। कटनी जिले में प्राथमिक-माध्यमिक शिक्षा में सुधार के लिए सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है, लेकिन स्कूलों के जर्जर भवनों की मरम्मत का कार्य नहीं कराया जा रहा है। ऐसे में बच्चे स्कूलों के जर्जर भवन में पढने के लिए मजबूर है। स्कूलों के खस्ताहाल भवनों को देख अभिभावक भी बच्चों को स्कूल भेजने से कतरा रहे हैं। कई स्कूलों में तो बच्चे अपनी जान जोखिम में डालकर पढ़ाई करने पर मजबूर हैं। जिले में दो-चार नहीं बल्कि 254 स्कूल ऐसे हैं जिनमें नौनिहाल खतरों के बीच पढने के लिए मजबूर हैं। किसी की छत जर्जर है तो किसी का छज्जा। एक ही कमरे में दो से अधिक कक्षाएं चलाई जा रही हैं। सही सलामत कमरे ना होने पर दूसरे स्थानों पर पढ़ाई करानी पड़ती है। हाल में कई हादसे भी हो चुके हैं, बावजूद इसके जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे। बताया जा रहा है कि शिक्षा विभाग से अभी 102 स्कूलों के मरम्मत की स्वीकृति मिली है, लेकिन अभी काम शुरू नहीं हो पाया है। प्रस्ताव बनाकर भेजा जाएगा, फिर बजट मुहैया होगा, इसके बाद काम शुरू हो पाएगा, जबतक बच्चों को समस्या के बीच ही अध्ययन करना होगा। इस तरह में स्कूल के बच्चे अपना भविष्य गढने के लिए पहुंचते हैं छोटे-छोटे बच्चों की जान खतरे में रहती है, जिम्मेदार बेपरवाह बने हुए हैं। कई स्कूलों की छत का प्लास्टर कभी भी उखड़कर गिर जाता है, कभी भी अनहोनी हो जाती है।

यहां होनी है मरम्मत

बड़वारा ब्लॉक के माध्यमिक शाला रूपौंद, विलायतखुर्द, मझगवां, नन्हवाराकलां, भुड़सा, भजिया, चांदन, बडगांव, करौंदीखुर्द, कुठिया महगवां, देवरी, बसाड़ी, बम्हौरी, जगुआ, छिदहाई पिपरिया, नदावन, बरनमहगवां, सलैया सिहोरा शामिल हैं। इसी प्रकार बहोरीबंद ब्लॉक के बहोरीबंद, कूडन, देवरी, बडखेरा, इमलिया, कुम्हरवारा, कुआं, निमास, मोहतरा, पटना मढिया, बुधनवारा, हथियागढ़, बाकल, मसंधा, पड़वार, टिकरिया, देवरी, तेवरी शामिल हैं। इसी प्रकार ढीमरखेड़ा ब्लॉक के झिन्नापिरिया, सगौना, दशरमन, कछारगांव, सिलौड़ी, पाली, महनेर, भटगवां, बरेली, बरौदा, भूला, सरसवाही, पहरुआ, कटरिया, ठिर्री, ढीमरखेड़ा, परसेल, खाम्ह स्कूल जर्जर हैं। इसी प्रकार कटनी विकासखंड के राबर्ट लाइन, झिंझरी, सीएलपी कटनी, पुरवार, कटंगीकलां, टेढी, घंघरीकला, बड़ेरा, पहाड़ी, पिपरौंध, खिरहनी, पहरुआ, कैलवारा खुर्द, पौंसरा, पिलौंजी, कछगवां शामिल हैं। रीठी क्षेत्र के रूड़मूड़, गोदाना, बरखेड़ा, बिलहरी, देवगांव, हथकुरी, खरखरी नंबर दो, पिपरिया परौहा, गुरजीकलां, बकलेहटा, तिलगवां, बांधा, सिमराड़ी, सिमरा नंबर-2 शामिल हैं। इसी प्रकार विजयराघवगढ़ में उबरा, सिजहरा, हर्रैया, अमरैया कैमोर, रजरवारा नंबर 2, पडखुरी, बरहटा, कांटी, भैंसवाही, देवरीकलां, इटवां, कुटेश्वर, पथरहटा, कारीतलाई, दुर्जनपुर, हंतला, दो विजयराघवगढ़ के जर्जर स्कूलों की मरम्मत होगी।

अमर शहीद हेमू कालानी जन्मशताब्दी वर्ष का आयोजन

सर्किट हाउस में बैठक में बनी कार्यक्रम की रूपरेखा

कटनी, यशभारत। भारतीय सिंधु सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लधाराम नागवानी, राष्ट्रीय महामंत्री राजेश वाधवानी, प्रदेश मंत्री राजेश बत्रा, के सानिध्य में माधव नगर स्थित सर्किट हाउस में हरे माधव परमार्थ सत्संग समिति, सिंधु नौजवान मंगल, सिंधु सेवा समिति, माधव नगर झूलेलाल सेवा मंडल के सदस्यों एवं कटनी माधव नगर सिंधी समाज वरिष्ठ के जनों, माधव नगर के नवनिर्वाचित पार्षदों की उपस्थिति में सिंधी भाषा एवं समाज कल्याण के उत्थान हेतु एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे श्री नागवानी ने सिंधी संस्कृति के बारे मैं विस्तारपूर्वक बताया कि कैसे हमें अपने सिंधी कल्चर को बचाकर एवं सहेज कर रखना है राष्ट्रीय महामंत्री श्री वाधवानी ने सिंध के अनेक वीरों सपूतों सहित अमर शहीद हेमू कलानी के गौरव गाथा के बारे में विस्तार पूर्वक बताया एवं आगामी 31 मार्च को हेमू कालानी जन्म शताब्दी के कार्यक्रम में आने का निमंत्रण दिया। बैठक का संचालन जोधाराम जयसिंघानी ने किया एवं आभार प्रदर्शन नवनियुक्त जिला अध्यक्ष नवीन मोटवानी महामंत्री निखिल हिंदुजा ने किया

मन की बात कार्यक्रम के लिए रवि खरे जिला सहप्रभारी नियुक्त

कटनी,यशभारत। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात के लिए भारतीय जनता पार्टी में नई नियुक्ति हुई हैं। भारतीय जनता पार्टी के निर्धारित मासिक कार्यक्रम प्रधानमंत्री के 'मन की बात' हेतु जिला सह प्रभारी के रूप में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता रवि खरे को मनोनीत किया है। यह नियुक्ति भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक टंडन द्वारा आज की गई। ज्ञात हो कि प्रत्येक माह के अंतिम रविवार पीएम मोदी मन की बात कार्यक्रम के द्वारा जनता से रूबरू होते है। इस कार्यक्रम की जिला प्रभारी पूर्व मंत्री अलका जैन हैं।

कटनी के भाजपा कार्यकर्ताओं के अनुशासन की राष्ट्रीय नेतृत्व ने की प्रशंसा

विस्तारित जिला पदाधिकारी बैठक, अनुसूचित जाति मोर्चे की कमान शिवकुमार चौधरी को

कटनी,यशभारत। भारतीय जनता पार्टी की विस्तारित जिला पदाधिकारी बैठक जिला कार्यालय में शुरू हुई। दिन भर चलने वाली इस महत्वपूर्ण जिला बैठक में दीप प्रज्वलित कर भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक सोनी, जिला प्रभारी संजय साहू, विधायक संदीप जायसवाल, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश सोनीए प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामरतन पायल, पीताम्बर टोपनानी, शशांक श्रीवास्तव, पूर्व विधायक अलका जैन, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ममता पटैलए महामंत्री चेतन हिंदुजाए राजेश चौधरी ने किया। बैठक में प्रस्तावना उद्बोधन देते हुए जिलाध्यक्ष दीपक टण्डन ने सभी पदाधिकारियों का कटनी में हुई प्रदेश पदाधिकारी बैठक में अपने अपने दायित्व को बेहतर ढंग से निर्वहन करने पर सभी को बधाई दी। श्री टण्डन ने कहा कि राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व ने कटनी के समस्त कार्यकर्ताओं के अनुशासन की प्रशंसा की। बैठक में कल 25 दिसम्बर को मन की बात कार्यक्रम तथा भारत रत्न अटल बिहारी जी की जन्म जयंती को पार्टी के निर्देश अनुसार आयोजित करने की अपेक्षा की। बैठक में पार्टी की बूथ तक की रचना के अनुरूप समस्त पदाधिकारी कार्यकर्ताओं से कार्य करने की अपेक्षा की गई। शक्ति केंद्र स्तर पर स्नेह यात्रा का आयोजन किया जाना है इस पर भी चर्चा की गई। बैठक में आने वाले दिनों में पार्टी को बूथ स्तर पर सतत कार्य करने हेतु करणीय कार्यों की जानकारी दी गई। बैठक आज पूरे दिन चलेगी जिसमे अलग अलग सत्रों में विभिन्न विषयों पर मंथन किया जाएगा। बैठक में शिवकुमार चौधरी को अनुसूचित जाति मोर्चा का जिलाध्यक्ष घोषित किया गया। साथ ही नए पदाधिकारी रणवीर कर्ण, धीरेंद्र सिंह एवं रवि खरे का स्वागत किया गया।

सिटी मॉल बरही रोड में
शानदार दूसरा सप्ताह
रोजाना 4 शो ता. 23 से
सुबह 11-2डी, 2.30-3डी, 6-3डी एवं रात्रि 9.30-2डी बजे से
अवतार
3D (हिन्दी में)
टिकट रेट
3डी- 250/-, 220/-,150 /-
2डी - 250/-, 230/-,190 /-
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
कॉमेडी का नया तड़का क्रिसमस और नये वर्ष में सपरिवार देखने योग्य फिल्म
रोजाना 5 शो ता. 23 से
सुबह 10.45, 1.15, 4, 7 एवं रात्रि 10 बजे से
सर्कस
कलाकार- रणवीर सिंह, पूजा हेगड़े, जैकलिन फर्नांडिस, वरूण शर्मा आदि।
टिकट रेट
300/-
220/-
150 /-
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

रश्मि मिश्रा को पीएचडी की उपाधि

कटनी,यशभारत। जिला कटनी ग्राम सिरौली सिहोरा की श्रीमती रश्मि मिश्रा पिता डॉ. केडी पांडे पति राजेश मिश्रा को राजस्थान सनराइज विश्वविद्यालय अलवर से पुस्तकालय विज्ञान में पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया गया। शोधकार्य में रश्मि मिश्रा को डॉ. डीवी सिंह, डॉक्टर शिवाकांत मिश्रा, माताजी शीला मिश्रा, पापाजी लक्ष्मी नारायण मिश्रा, बेटे एवं दीदी-जीजा, भाभी, भैया डॉक्टर राजीव पांडे एवं परिवार के सभी सदस्य और मित्रों का सहयोग और मार्गदर्शन में हुआ।

नीरज सिनेप्लेक्स में

कॉमेडी का जबरदस्त तड़का
रोजाना 3 शो ता. 23 से
12,3 एवं सायं 6 बजे से
सर्कस
कलाकार- रणवीर सिंह, पूजा हेगड़े, जैकलिन फर्नांडिस, वरूण शर्मा आदि।
टिकट दर
बालकनी क्लास- 100/-
लोवर क्लास-60/-
बॉक्स- 120/-
अपर क्लास-80/-

गांजा तस्कर को 6 माह का सश्रम कारावास

स्लीमनाबाद के प्रकरण में जेएमएफसी की न्यायालय ने सुनाई सजा

कटनी, यशभारत। अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखने व बिक्री करने के आरोपी को न्यायालय ने 06 माह के सश्रम कारावास की सजा से दंडित किया है। अभियोजन पक्ष से मिली जानकारी के मुताबिक 3 अप्रैल 2012 को स्लीमनाबाद थाना में पदस्थ उपनिरीक्षक एस.के.झारिया को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी राजेश दुबे उसके कब्जे में पन्नी में मादक पदार्थ गांजा रखकर बिक्री करने के लिये खड़ा है। मुखबिर से मिली सूचना की तस्दीक के लिए पुलिस बल मौके पर पहुंचा तो ग्राम देवरी निवासी आरोपी राजेश दुबे देवीजी की मढ़िया के पास मिला। तलाशी लेने पर राजेश दुबे के पन्नी के अंदर 840 ग्राम गांजा रखा मिला। जिसके बाद पुलिस ने राजेश के विरूद्ध नारकोटिक्स एक्ट की धारा 8, 20 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना उपरांत अभियोग पत्र तैयार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। मीडिया सेल प्रभारी सुरेन्द्र कुमार गर्ग ने बताया कि आरोपी राजेश दुबे को बिना वैध अनुज्ञप्ति के अवैध रूप से गांजा अपने आधिपत्य में रखने के आरोप में धारा 8, 20 स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम(एनडीपीएस एक्ट) में दोषी पाते हुये अग्नीन्ध्र कुमार द्विवेदी जेएमएफसी की न्यायालय ने 06 माह के सश्रम कारावास की सजा से दंडित किया। उक्त प्रकरण में सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार तिवारी के द्वारा पैरवी की गई।

यश भारत

सिटी न्यूज

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

कटनी, शनिवार, 24 दिसम्बर 2022

आज रात्रि हर्षोल्लास के साथ मनेगा प्रभु यीशु का जन्मदिवस

क्रिसमस पर्व को लेकर चर्चों में तैयारियां पूरी, रंग बिरंगी रोशनी से नहाए गिरजाघर, आतिशबाजी के बीच गूंजेंगे प्रार्थना गीत

कटनी, यशभारत। समूची दुनिया को प्रेम और शांति का संदेश देने वाले प्रभु यीशु के जन्मोत्सव क्रिसमस की तैयारियां शहर में पूरी कर ली गई हैं। आज मध्यरात्रि 12 बजते ही केक काटकर एवं आतिशबाजी करते हुए प्रभु यीशु का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। आज शनिवार की आधी रात शहर के चर्च प्रार्थना गीतों से गूंजेंगे। क्रिसमस पर्व को लेकर मसीही समाज ने घरों व चर्च में तैयारी पूरी कर ली है। शहर व उपनगरीय क्षेत्रों के सभी गिरजाघरों को रंगीन रोशनी से सजाया गया है। फिलिप एंड जेम्स सीएनआई चर्च मुख्य मार्ग में दो दिन पहले से ही कार्यक्रमों की शुरुआत हो गई। रविवार को मेले के साथ ही रात को बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए तो शनिवार रात को यीशु की झांकियों के बीच प्रार्थना सभा होगी और केक काटकर उत्सव मनाया जाएगा। लखेरा चर्च में आकर्षक साज सज्जा की गई है। चर्चों में आवश्यक तैयारी शुरू भी हो गई हैं। सिविल लाइन स्थित सेंटपॉल चर्च में विशेष सजावट के साथ स्कूल परिसर में यीशु के जीवन से जुड़ी झांकियां बनाई गई हैं। जिनका प्रदर्शन क्रिसमस पर्व पर किया जाएगा। शनिवार की रात को यहां भी समाज के लोग विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन करेंगे। स्कूलों में जहां जमकर क्रिसमस पर्व मनाया गया तो वहीं क्रिसमस पर्व को लेकर मसीही समाज ने घरों में भी तैयारी की है। आकर्षक साज सज्जा के साथ ही क्रिसमस ट्री सजाए गए हैं और रात को प्रार्थना के बाद केक सेरेमनी के साथ परिवार के सदस्यों, मित्रों के साथ पर्व मनाया जाएगा। शोरूमों में भी पर्व की बहार है। पर्व का असर शहर के होटलोंए रेस्टोरेंट व शोरूमों में भी देखने को मिल रहा है। होटलों, रेस्टोरेंट में पार्टियों को लेकर क्रिसमस पर्व की थीम पर सजावट व व्यवस्थाएं की गई हैं। वहीं शोरूमों में क्रिसमस ट्री के साथ स्टार आदि लगाकर विशेष सजावट की गई है।

निर्देशों का असर नहीं, केन्द्रों में अमानक धान की खरीदी

कटनी, यशभारत। राज्य सरकार के निर्देशों और कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा लगातार की जा रही मॉनीटरिंग के बावजूद समर्थन मूल्य पर जिले में किसानों से हो रही धान की खरीदी में अनियमितताएं रूकने का नाम नहीं ले रही है। ताजा मामला अमानक स्तर की धान खरीदी का है। खरीदी केंद्र प्रभारियों द्वारा अमानक स्तर की धान किसानों से उपार्जित की जा रही है, जिन्हें सर्वेयरों ने रिजेक्ट कर दिया है। यह मामला सामने आने के बाद कलेक्टर अवि प्रसाद ने कई क्विंटल अमानक धान रिजेक्ट होने पर किसानों को लौटाने के निर्देश दिए हैं। जिस पर सहायक आयुक्त सहकारिता ने सभी समिति प्रबंधकों को रिजेक्ट हुई अमानक धान को किसानों को वापस करने कहा है। यह प्रक्रिया समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देश के बाद हो रही है। निर्देशों के मुताबिक जिले में मानक स्तर की ही धान खरीदी जानी है, लेकिन केंद्रों में नियमों का पालन नहीं हो रहा है। सर्वेयरों द्वारा रिजेक्ट की गई धान के बाद यह मनमानी खुलकर सामने आ रही है। गौरतलब है कि जिले में अबतक 589 मीट्रिक टन धान अमानक खरीदी जा चुकी है। किसान साफ कराकर फिर समिति को देंगे। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार समिति स्तर के खरीदी केन्द्रों में रिजेक्ट धान की मात्रा 3 हजार 142.78 क्विंटल है। इतनी बड़ी मात्रा में अमानक धान खरीदे जाने पर कलेक्टर अवि प्रसाद ने तत्काल अस्वीकृत स्कंध के अपग्रेडेशन एवं किसानों को वापस दिए जाने के निर्देश दिए गए हैं। खरीदी केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बार-बार निर्देश दिए थे कि लंबी अवधि से समितियां स्टॉक अपग्रेडेशन कार्य में रुचि नहीं ले रही हैं। कलेक्टर ने धान रिजेक्ट होने पर फटकार लगाई है, हालांकि अमानक धान खरीदी करने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। रिजेक्ट मात्रा जो गोदाम एवं ओपन कैप व खरीदी केन्द्रों आदि स्थानों पर संग्रहित है, उसका तत्काल अपग्रेडेशन कर चालान नागरिक आपूर्ति कार्यालय में देने कहा है। अपग्रेडेशन की जानकारी स्पष्टीकरण सहित लौटती डाक से प्रस्तुत करने कहा है।

सर्वेयरों ने किया रिजेक्ट, किसानों को वापस लौटाई जाएगी 589 मीट्रिक टन अमानक धान

अब तक 21 हजार किसानों से खरीदी

21 हजार 207 किसानों से खरीदी केंद्रों में अब तक 1 लाख 80 हजार 694 मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है, इसमें से एक लाख 2 हजार 326 मीट्रिक टन धान का ही परिवहन हो पाया है। ट्रांसपोर्टरों द्वारा धीमी गति से परिवहन किया जा रहा है। 78 हजार 368 मीट्रिक टन धान का परिवहन होना शेष है।

डांस, ओपन माइक, फोटोग्राफी एंड सिनेमाटोग्राफी, आर्ट एंड क्राफ्ट कॉम्पटीशन का आयोजन

जागृति हाट इवेंट में जोरदार तरीके से होगा नए साल का स्वागत

कटनी, यशभारत। साल 2022 को बिदा करने और नए साल 2023 का स्वागत करने के लिए शहर में तैयारियां शुरू हो गई हैं। न्यू ईयर को लेकर सबसे ज्यादा उत्साह युवा वर्ग में रहता है। युवाओं को इस दिन का पूरे साल इंतजार रहता है। यही कारण है कि युवाओं की पसंद को ध्यान में रखते हुए न्यू ईयर सेलीब्रेशन की तैयारियां की जा रही है। इसी कड़ी में माधवनगर स्थित जागृति पार्क इस वर्ष जाग्रति हाट का आयोजन किया जा रहा है। यहां हर वर्ग के लोग पारिवारिक माहौल में न्यू ईयर सेलीब्रेट कर सकेंगे। जागृति हाट का आयोजन 30, 31 दिसंबर और 1 जनवरी को किया जा रहा है। जाग्रति हाट में शहर के युवा अपने टैलेंट का जलवा दिखा सकेंगे। इसमे डांस, ओपन माइक, फोटोग्राफी एंड सिनेमाटोग्राफी, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट और आर्ट एंड क्राफ्ट कॉम्पटीशन का आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा शहर के लोगों के लिए जाग्रति जायका, जाग्रति बाजार, जाग्रति मेला और जाग्रति सेल्फी जोन का भी इंतजाम किया जा रहा है। 1 जनवरी को मोहसिक के लाइव म्यूजिक परफॉरमेंस भी होगी। यह कार्यक्रम शाम 6 बजे से जाग्रति पार्क में होगा। रजिस्ट्रेशन और संपर्क के लिए ईशान 9399 11 6685, मेहुल 8349 334922 से संपर्क किया जा सकता है। जाग्रति हाट इवेंट का संयोजन सृष्टि निगम एवं इवेंट पार्टनर मेहुल मित्तल द्वारा किया जा रहा है।

रैली निकालकर नशे के खिलाफ किया जागरूक

कटनी/उमरियापान, यशभारत। उमरियापान के समीपी ग्राम सभा देहरी द्वारा गांव में नशा मुक्ति अभियान को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। नशाखोरी को लेकर गांव युवाओं ने प्रशासन से सहयोग की अपील की। इस दौरान लोगों को नशे से दूर रहने व नशा न करने के लिए जागरूक किया गया। छोटे सिंह मरावी ने कहा कि नशा उस दीमक की तरह है, जो हमारी संस्कृति और सामाजिक व्यवस्था को दिन प्रतिदिन खोखला कर रहा है। जिर्री ग्राम पंचायत के देहरी गांव के प्रमुख मार्गों से जागरूकता रैली निकालने के बाद ग्राम सभा आयोजित की गई। ग्राम सभा में ग्रामीणों ने गांव को नशामुक्त बनाने को लेकर चर्चा की। छोटे सिंह ने बताया कि हमारा शरीर स्वस्थ है, तो दिमाग स्वस्थ रहता है। हालात ऐसे हैं कि गांव में युवा से लेकर बुजुर्ग नशे के शिकार हैं। नशे के कारण लोगों में कैंसर, गले की बीमारी, दमा, फेफड़ों आदि की बीमारी घर कर रही है। रैली के दौरान ग्रामीणों से अपील की गई कि वे नशे से दूर रहे हैं। नशा नाश का दूसरा नाम है। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। ग्रामीणों ने संकल्प लिया कि वे नशे से दूर रहेंगे।

देहरी गांव में नशा मुक्ति अभियान को लेकर हुई ग्रामसभा नशे के दुष्परिणामों के बारे में दी जानकारी

वृद्धाश्रम में बच्चों ने बुजुर्गों को सुनाई स्टोरी व पोयम

सायना किड्स स्कूल के बच्चों ने पेश किए रंगारंग कार्यक्रम

कटनी, यशभारत। श्री कृष्ण वृद्ध आश्रम में ओल्ड एज होम विजिट के तहत आज साइना किड्स के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। आयोजन में बच्चे वृद्धजनों से दादा-दादी परिजनों जैसे मिले। उन्होंने वृद्धजनों एवं उपस्थित गुरुभाइयों को स्टोरी, पोयम, सुनाई और वृद्धजनों की भी बातें सुनी, उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। बच्चों की ओर से लगाए गए स्टॉल और हाथ से बने सामान के स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहे। स्कूल के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए, जिसे देख सभी वृद्धों को काफी प्रसन्नता हुई। इसके पूर्व सभी बच्चों का श्रीकृष्ण वृद्ध आश्रम पहुंचने पर समिति ने सभी का स्वागत किया। इस अवसर प्रधानाध्यापिका डॉ भारती शर्मा, प्रबंधन प्रतिनिधि ऋषि अरोड़ा, शिक्षक प्रेरणा अरोड़ा, सोनम ननकानी, ऋचा संगतानी, संस्कृति त्रिपाठी, वीणा द्विवेदी, ऋचा नामदेव, जूली राव, समीक्षा, तान्या गुरुंग, खुशी, एडमिन स्टाफ पंकज खरे, पुष्पा बर्मन, संजय श्रीवास, डी ग्रुप स्टाफ सुषमा, क्रांति, कमलेश, नीलम दीदी सहित साइना किड्स का स्टाफ मौजूद रहा।

पश्चिम मध्य रेल

खुली निविदायें – इंजीनियरिंग विभाग

निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदाएं भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता(समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांक**– डी.आर.एम डब्ल्यू–जे.बी.पी.–213–2022 दिनांक: 20/12/2022, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**– कटनी–सतना: सहायक मंडल अभियंता (दक्षिण) सतना उपमंडल के अधीन कटनी–सतना खंड में रेलपथ के किनारे चारदीवारी/परिसर की दीवार का निर्माण का कार्य। **कार्य का अनुमानित मूल्य**– 7,37,82,764/–, **बयाना राशि रूपये**– 5,18,900/–, **समापन अवधि**– 12 माह, , **निविदा सूचना क्रमांक**– डी.आर.एम डब्ल्यू–जे.बी.पी.–214–2022 दिनांक: 20/12/2022, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**– जबलपुर–मानिकपुर पर सिहोरा, मैहर, सतना और बीना–कटनी खंड पर दमोह में आर.जी.एम और एस.आर.जी.एम. के लिए साइडिंग सुविधा का विकास। **कार्य का अनुमानित मूल्य**– 1,44,85,121/–, **बयाना राशि रूपये**– 2,22,400/–, **समापन अवधि**– 12 माह, **निविदा सूचना क्रमांक**– डी.आर.एम डब्ल्यू–जे.बी.पी.–215–2022 दिनांक: 20/12/2022, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**– मैहर–मैहर में प्लेटफार्म को उच्च स्तर तक बढ़ाना। **कार्य का अनुमानित मूल्य**– 2,17,50,197/–, **बयाना राशि रूपये**– 2,58,800/–, **समापन अवधि**– 12 माह, **निविदा सूचना क्रमांक**– डी.आर.एम डब्ल्यू–जे.बी.पी.–216–2022 दिनांक: 21/12/2022, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**– जबलपुर में मौजूदा कैरिज वाटरिंग का 8 कोच द्वारा विस्तार। **कार्य का अनुमानित मूल्य**– 9,78,520/–, **बयाना राशि रूपये**– 19,600/–, **समापन अवधि**– 05 माह, **निविदा सूचना क्रमांक**– डी.आर.एम डब्ल्यू–जे.बी.पी.–217–2022 दिनांक: 21/12/2022, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**– जबलपुर में लोका रेक मेंटेनेंस पर स्टोर बिल्डिंग का निर्माण। **कार्य का अनुमानित मूल्य**– 1,15,49,658/–, **बयाना राशि रूपये**– 2,07,800/–, **समापन अवधि**– 12 माह, **निविदा सूचना क्रमांक**– डी.आर.एम डब्ल्यू–जे.बी.पी.–218–2022 दिनांक: 21/12/2022, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**– जबलपुर में 30इकाई पुरानेटाइप–। क्वार्टर का टाईप–।। क्वार्टर में प्रतिस्थापन। **कार्य का अनुमानित मूल्य**– 3,41,80,144/–, **बयाना राशि रूपये**– 3,20,900/–, **समापन अवधि**– 18 माह, , **निविदा सूचना क्रमांक**– डी.आर.एम डब्ल्यू–जे.बी.पी.–219–2022 दिनांक: 21/12/2022, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**– मंडल अभियंता (मुख्यालय) के अधीन दो विविध कार्य करना। भाग अ: जबलपुर में 05 इकाई RB-V क्वार्टर्स का प्रावधान। भाग ब: न्यु कटनी जंक्शन में 03 इकाई RB-IV क्वार्टर्स और जबलपुर में 02 इकाई RB-V क्वार्टर्स का निर्माण कार्य। **कार्य का अनुमानित मूल्य**– 3,81,06,400/–, **बयाना राशि रूपये**– 3,40,500/–, **समापन अवधि**– 18 माह, **निविदा सूचना क्रमांक**– डी.आर.एम डब्ल्यू–जे.बी.पी.–220–2022 दिनांक: 21/12/2022, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**– नई कटनी जंक्शन: सहायक मंडल इंजीनियर (अनु) कटनी के अधीन एन के जे यार्ड में सिक वैगनों को एटेन्ड करने के लिए सुविधाओं में वृद्धि का कार्य: पार्ट ए– एस पी ए आर एम वी साइडिंग (टीजी1) रिसीविंग यार्ड, पुराना सिक लाइन, नई सिक लाइन, नई यार्ड, डिपार्चर यार्ड, नई यार्ड टीएल2 एवं टीएल3 के बीच, में पाथवे का प्रावधान। पार्ट बी– सहायक मंडल इंजीनियर (अनु) कटनी के अधीन एन के जे में पुराना सिक लाइन क्रमांक 5 एवं ओएसएल की मौजूदा ड्रेन से पिट ड्रेन का कनेक्शन तक एक्जामिनेशन पिट (40mx0.8m) निर्माण का कार्य एवं आर ओ एच शेड के बाहर (कटनी छोर की ओर) पाथवे का प्रावधान (बचा हुआ कार्य) **कार्य का अनुमानित मूल्य**– 98,38,026/–, **बयाना राशि रूपये**– 1,96,800/–, **समापन अवधि**– 12 माह, **निविदा सूचना क्रमांक**– डी.आर.एम डब्ल्यू–जे.बी.पी.–221–2022 दिनांक: 21/12/2022, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**– मरम्मत कार्य: (i) जबलपुर, अधारताल, देवरी और सिहोरा यार्ड के सैंड हंप की मरम्मत। (ii) डुंडी–कच्छपुरा में स्टेबलिंग साइडिंग और डेड ऐंड एवं (iii) सहायक मंडल अभियंता जबलपुर, के अधीन जबलपुर यार्ड में एप्रान सहित पिट लाईन का मरम्मत कार्य। **कार्य का अनुमानित मूल्य**– 1,77,58,234/–, **बयाना राशि रूपये**– 2,38,800.00/–, **समापन अवधि**– 12 माह, **उपरोक्त सभी निविदाओं के बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय (15:00 बजे)**– **17.01.2023, उपरोक्त सभी निविदाओं के खुलने की अंतिम तिथि एवं समय (15:15बजे)**– **17.01.2023**, उपरोक्त ई–निविदाओं की संपूर्ण जानकारी वेबसाईट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय, पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई–निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर

कोरोना को है हराना, तो टीकाकरण जरूर कराना

उमरियापान में संतोष ट्रॉफी का आगाज कल से

विजेता को 51 हजार, उपविजेता को 21 हजार का इनाम, नरसिंहपुर और सतना के बीच होगा पहला मुकाबला

उमरियापान, यशभारत। उमरियापान के अंधेलीबाग खेल मैदान में ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र की प्रसिद्ध संतोष ट्रॉफी लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज कल 25 दिसंबर दिन रविवार से होने जा रहा है। संतोष ट्रॉफी खेल विकास समिति के अध्यक्ष रहे स्व. मुरारीलाल चौरसिया की स्मृति में आयोजित होगी। जिसकी सभी तैयारियां खेल विकास समिति के पदाधिकारियों सहित सदस्यों ने पूर्ण कर ली हैं। इस वर्ष टूर्नामेंट की विजेता टीम को ट्रॉफी सहित 51 हजार रुपये नगद पुरस्कार तो वहीं उपविजेता टीम को ट्रॉफी सहित 21 हजार रुपये के नगद पुरस्कार से नवाजा जाएगा। प्रदेश सहित अन्य राज्यों की टीमें पहुंचेंगी। इस वर्ष के टूर्नामेंट में मध्य प्रदेश सहित दूसरे राज्यों की भी टीमें भाग लेने पहुंच रही हैं। जिसमें हरियाणा, कानपुर, बनारस, प्रतापगढ़, जबलपुर, कटनी, सतना, रीवा, शहडोल, उमरिया, नरसिंहपुर, कटंगी, सिहोरा, उमरियापान सहित 16 टीमें प्रतियोगिता में भाग लेंगी। खेल विकास समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष आशीष चौरसिया ने जानकारी देते हुए बताया की 25 दिसम्बर से आयोजित होने वाली संतोष ट्रॉफी लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का पहला मैच नरसिंगपुर और जेएम एसबी सतना के बीच खेला जाएगा। टूर्नामेंट का शुभारंभ उमरियापान सरपंच अटल ब्यौहार, सांसद प्रतिनिधि पद्मेश गौतम व अन्य अतिथियों द्वारा किया जाएगा। खेल विकास समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों ने नगवासियों सहित क्रिकेट प्रेमियों से टूर्नामेंट के शुभारंभ के अवसर पर पहुंचने की अपील की है।

आजाद चौक में सड़क तक लगी दुकान से हर पल लग रहा जाम

क्षेत्रीय लोगों ने की नगर निगम प्रशासन से कार्रवाई की मांग

कटनी, यशभारत। नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते द्वारा जहां एक तरफ शहर में अवैध रूप से लगे होर्डिंग और बैनर हटाने की कार्यवाही की जा रही है तो वहीं आजाद चौक में सड़क तक फैली दुकान की वजह से यहां हर पल जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। इस पर नगर निगम की नजरें इनायत नहीं हो रही। कुछ समय पहले नगर निगम के अधिकारियों और सीएम हेल्पलाइन 181 में शिकायतों के बाद दुकानदार द्वारा सड़क तक लगाए गए सामान को पीछे कर लिया गया था लेकिन अब एक बार फिर पहले जैसी स्थिति निर्मित हो गई है।

आलम यह है कि आजाद चौक से शेर चौक होते हुए झंडा बाजार की ओर जाने वाले मार्ग पर हर समय जाम लग रहा है। क्षेत्रीय लोगों की मानें तो इस मार्ग पर जाम लगने का मुख्य कारण सड़क तक लगी दुकान है, लेकिन नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते द्वारा यहां पर आज तक कार्रवाई की जहमत नहीं उठाई गई, जिसकी वजह से राहगीरों के साथ ही वाहन चालकों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि सबसे ज्यादा दिक्कत शाम के समय होती है। इस समय यहां यातायात का अत्यधिक दबाव रहता है। लोग घरों से अपने विभिन्न कामों के लिए निकलते हैं तो उनका सामना जाम से होता है। लोगों ने नगर निगम प्रशासन का ध्यान इस ओर दिलाते हुए कार्यवाही की मांग की है।

सरावगी कॉलेज में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजन कल

कटनी, यशभारत। श्री श्रीनिवास सरावगी महाविद्यालय के तत्वावधान में कल 25 दिसम्बर रविवार को जिले के विभिन्न विद्यालयों के कक्षा बारहवीं के छात्र-छात्राओं के मध्य सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार के साथ अनेक आकर्षक सान्त्वना पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे।

सस्ती सुंदर 125/- में सिंगल बेड
पता- होटल गणपति प्लाजा
लक्ष्मीनारायण मंदिर के पास वाली गली
कमानियागेट कटनी, मो. नं. 7389565610
(एसी रूम उपलब्ध है)

Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners

CINEWORLDZ
CINEMA KATNI

Millal MALL

paytm

bookmyshow

From 16th December 2022

TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

संपादकीय

सरकार तुरंत दे ध्यान

भारतीय रिजर्व बैंक ने क्रिप्टो करेंसी के खतरे से सही समय पर आगाह किया है। उसने कहा है कि क्रिप्टो की वजह से अगला वित्तीय संकट आ सकता है। बैंक ने क्रिप्टो पर प्रतिबंध लगाये जाने की मांग की है। अब चूंकि ये मांग आरबीआई की तरफ से आई है, तो सरकार को इस पर तुरंत ध्यान देना चाहिए। अब तक के अनुभव से यह साफ हो गया है कि क्रिप्टो का कारोबार एक पॉन्जी स्कीम से ज्यादा कुछ नहीं है। इसमें लाखों लोग अपना धन गंवा चुके हैं। आरबीआई को इस बात का श्रेय देना होगा कि वह वर्षों से क्रिप्टो करेंसी को लेकर संदेह प्रकट करता रहा है। अब हालिया घटनाओं के आधार पर उसने उसे वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए एक खतरा बताते हुए उस पर प्रतिबंध की मांग की है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि हाल ही में एफटीएक्स जिस तरह से बर्बाद हुआ, वह क्रिप्टो में निहित जोखिम का सबूत है। दास ने एक कार्यक्रम में कहा- च्दूसरे अन्य उत्पादों से अलग क्रिप्टो को लेकर हमारी मुख्य चिंता यह है कि बुनियादी रूप से इसकी कोई कीमत नहीं है। हमारा मानना है कि इसे प्रतिबंधित कर देना चाहिए क्योंकि। अगर आप इसके विनियमन की कोशिश करेंगे और इसे ब?ने देंगे तो, मेरे शब्दों पर ध्यान दीजिये- अगला वित्तीय संकट निजी क्रिप्टो करंसी की वजह से आएगा।ज्ज अब इससे ज्यादा साफ चेतावनी और क्या हो सकती है? भारतीय बाजार में क्रिप्टोकरंसी का प्रवेश करीब एक दशक पहले हुआ था। तब से भारतीय नियामकों की इस पर नजर रही है। 2018 में धोखाध?ी के कई मामलों के बाद रिजर्व बैंक ने इस पर प्रतिबंध लगा दिया था। दो साल बाद सुप्रीम कोर्ट ने यह प्रतिबंध हटवाया और उसके बाद बाजार में उछाल आया। 2022 में इस कारोबार में होने वाले लाभ पर सरकार ने 30 प्रतिशत टैक्स लगा दिया। यानी एक तरह से इस कारोबार को कानूनी मान्यता दे दी गई। एफटीएक्स घोटाले के बाद यह व्यापार घट कर अपने पहले के आकार के दसवें हिस्से के बराबर रह गया है।

मिसाइल अग्नि पांच का संपूर्ण क्षमता से परीक्षण

देश की सबसे शक्तिशाली अंतर महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-5 का रात्रिकालीन सफल परीक्षण बड़ी उपलब्धि है। इस मिसाइल को ओडिसा के अब्दुल कलाम द्वीप से पहली बार संपूर्ण क्षमता से दागा गया है। मिसाइल ने छोड़े जाने के बाद 5500 किमी दूर जाकर निशाने को भेद दिया। डीआरडीओ और भारत डायनेमिक्स लिमिटेड ने मिलकर इस मिसाइल को निर्मित किया है। इस मिसाइल के दायरे में अब पूरा एषिया, आधा यूरोप, रूस और यूक्रेन के साथ चीन की राजधानी बीजिंग समेत पूरा देश आ गया है। अग्नि-5 की क्षमता पचास हजार किलोग्राम वजन ले जाने की है। इसकी लंबाई 17.5 मीटर और 2 मीटर व्यास है। 1500 किलोग्राम वजनी परमाणु हथियार भी यह मिसाइल ले जाने व उन्हें निशाने पर साधने में सक्षम है। यह मिसाइल एक सेकेंड में 8.16 किमी दूरी तय करती है। एक घंटे में 29,401 किमी दूसी तय करने में सक्षम हैं। इसकी गति ध्वनि से 24 गुना अधिक है। चीन को आंखें दिखाने की दृष्टि से यह परीक्षण इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि चीन ने हाल ही में अरुणाचल प्रदेश में भूमि हड़पने के प्रयास में भारतीय सेना से संघर्ष को अंजाम तक पहुंचाया है।

भारत ने अपनी सैन्य-शक्ति में वृद्धि करते कम क्षमता वाली अग्नि-5 का निर्माण पहले ही कर चुका है। रक्षा मंत्रालय ने संक्षिप्त बयान में कहा, अग्नि-5 का सफल परीक्षण भारत की उस प्रामाणिक न्यूनतम प्रतिरोध वाली नीति के अनुरूप है, जो पहले उपयोग नहीं करने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। परमाणु क्षमता से युक्त अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-5 पर काम पिछले एक दशक से भी ज्यादा समय से चल रहा है। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य चीन के विरुद्ध भारत की परमाणु क्षमता को बढ़ाना है। चीन के पास डोंगफोंग-41 जैसे प्रक्षेपास्त्र हैं। इनकी मारक क्षमता 12000 से 15000 किमी तक प्रहार करने की है। रक्षा एवं अनुसंधान संगठन (डीआरडीओ) और डायनेमिक्स लिमिटेड के इस संयुक्त अभियान ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर बड़ा कदम बढ़ाया है। मिसाइल के क्षेत्र में भारत इस परीक्षण के पहले से ही 5 हजार से 55 हजार किमी की दूरी तक मार करने की मिसाइल क्षमता वाले वैश्विक समूह में शामिल है। इसके पहले यह ताकत रूस, अमेरिका, चीन, फ्रांस और ब्रिटेन के पास थी। हालांकि लंबी दूरी की मारक क्षमता वाली मिसाइल अग्नि-5 का यह आठवां प्रायोगिक परीक्षण है। पहला परीक्षण 19 अप्रैल 2012, दूसरा 15 सितंबर 2013, तीसरा 10 सितंबर 2016, चौथा 26 दिसंबर 2016, पांचवां परीक्षण 18 जनवरी 2018 और छठा परीक्षण 3 जून 2018 को किया गया था। इस मिसाइल की मारक क्षमता 5000 से 8000 किमी से भी अधिक दूरी पर स्थित लक्ष्य को भेदने की है।

5500 किमी का अचूक निशाना साधने वाली बैलेस्टिक मिसाइल का यह परीक्षण देश के लिए सामरिक दृष्टि से तो महत्वपूर्ण हैं ही, सेना एवं जनता का मनोबल मजबूत करने की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। क्योंकि हमें यह कामयाबी आशंकाओ के उस संक्रमण काल में मिली है, जब मिसाइल के क्षेत्र में भारत के चीन से पिछड़ने के दावे किए जाते रहे हैं। ऐसी विरोधावासी अटकलों में 85 प्रतिशत स्वदेशी तकनीक से निर्मित अग्नि 5 का यह परीक्षण यह उम्मीद जगाती है कि हम देशज ज्ञान, स्थानीय संसाधन और बिना किसी बाहरी पूंजी के वैज्ञानिक उपलब्धियां हासिल करने में सक्षम हैं। वैसे भी पश्चिमी देशों ने भारत को मिसाइल तकनीक देने पर प्रतिबंध लगाया हुआ है। इस लिहाज से यह उपलब्धि पश्चिमी देशों के लिए भी आईना दिखाना है। सामरिक महत्व के हथियार यदि हम अपने ही बूते बनाएंगे तो हमारी गोपनीयता भंग होने का खतरा भी नही रहेगा ?

भारत मे रक्षा उपकरणों की उपलब्धता की दृष्टि से प्रक्षेपास्त्र श्रृंखला प्रणाली की अहम भूमिका है। अब तक इस कड़ी में देश के पास पृथ्वी से वायु में और समुद्री सतह से दागी जा सकने वाली मिसाइलें ही उपलब्ध थीं, लेकिन अग्नि 5 ऐसी अद्भुत मिसाइल है, जो सड़क और रेलमार्ग पर चलते हुए भी दुश्मन पर हमला बोल सकती है। इस श्रृंखला में अग्नि-1 की मारक क्षमता 700 किमी, अग्नि-2 की 2000 किमी, अग्नि-3 की 3000 किमी, अगिन-4 की 3500 किमी और अग्नि-5 की 5000 से 5500 किमी तक है, अग्नि-6 मिसाइल की मारक क्षमता आठ हजार किमी है। यह जमीन से जमीन पर मार करने वाली मिसाइल है। भारत ने अग्नि-1,2,3 मिसाइलों के परीक्षण पाकिस्तान को आंख दिखाने की दृश्टि से किए है, जबकि अग्नि-4,5 6 एवं 7 के परीक्षण चीन को ध्यान में रखकर किए गए हैं। भारत से चीन की 3488 किमी लंबी सीमा जुड़ी है, जो अधिकांष जगह विवादित है। अब इन मिसाइलों की जद में संपूर्ण एषिया और अफ्रीका महाद्वीप के साथ यूरोप का भी बड़ा हिस्सा आ गया है। यह मिसाइल एक बार छोड़ने के बाद रोकी नहीं जा सकती है। इसे सड़क के रास्ते कहीं भी पहुंचाया जा सकता है। इस खूबी के कारण इस मिसाइल को दुश्मन के उपग्रह की निगाहों से भी बचाया जा सकता है। इस मिसाइल से हम दुश्मन देश के उपग्रह भी नष्ट करने में सक्षम हो गए हैं। अग्नि-6 चीन की डोंगपोंग मिसाइल का जबाव देने में भी सक्षम है। हमारा जन्मजात दुश्मन देश पाकिस्तान भी मिसाइल निर्माण के क्षेत्र में लगातार प्रगति कर रहा है। उसके पास शाहीन-एक, 700 किमी, शाहीन-दो, 2000 किमी और शाहीन-तीन, 2750 किमी मारक क्षमता की मिसाइलें तैयार हैं। वह तैमूर नाम से 5000 किमी तक की मारक क्षमता वाली मिसाइल तैयार करने में भी लगा है। इस सफल परिक्षण के बाद चीन समेत कई विकसित देशों ने यह आशंका जताई हैं कि इस परीक्षण के बाद एशियाई परिक्षेत्र में हथियारों का भण्डारण करने की होड़ लगेगी। हालांकि यह सच्चाई नहीं है। पाकिस्तान ईरान व कोरिया पहले से ही मिसाइलों के निर्माण और उनके परीक्षण में लगे हैं। विकसित व घातक हथियारों के कारोबार में लगे देश भी अपने हथियारों को बेचने के लिए कई देशों को उकसाने में लगे रहते हैं। पूरी दुनिया को भस्मासुर साबित हो रहे इस्लामिक आंतकवादियों को हथियार मुहैया कराने का काम यूरोपीय देशों ने अपने हथियार खपाने के लिए ही किया था। यूक्रेन को भी यूरोपीय देष अर्थ एवं हथियारों की मदद देकर रूस से मुकाबला करने की ताकत दे रहे हैं। पाकिस्तान पोषित कश्मीर में आतंकवाद और ओड़ीसा व छत्तीसगढ़ में पसरा चीन द्वारा पोषित माओवादी उग्रवाद ऐसी ही बदनीयति का विस्तार हैं।

प्रमोद भार्गव

भारत में मिसाइलों का विकास

भारत में एकीकृत विकास कार्यक्रम की शुरूआत 1983 में इंदिरा गांधी के कार्यकाल में हुई थी। इसका मुख्य रूप से उद्देश्य देशज तकनीक व स्थानीय संसाधनों के आधार पर मिसाइल के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करना था। इस परियोजना के अंतर्गत ही अग्नि, पृथ्वी, आकाश और त्रिशूल मिसाइलों का निर्माण किया गया। टैंको को नष्ट करने वाली मिसाइल नाग भी इसी कार्यक्रम का हिस्सा है। पश्चिमी देशों को चुनौती देते हुए यह देशज तकनीक भारतीय वैज्ञानिकों ने इंदिरा गांधी के प्रोत्साहन से इसलिए विकसित की थी, क्योंकि सभी यूरोपीय देशों ने भारत को मिसाइल तकनीक देने से इंकार कर दिया था। भारत द्वारा पोखरण में किए गए पहले परमाणु विस्फोट के बाद रूस ने भी उस आरएलजी तकनीक को देने से मना कर दिया था, जो एक समय तक मिलती रही थी। किंतु एपीजे अब्दुल कलाम की प्रतिभा और सतत सक्रियता से हम मिसाइल क्षेत्र में मजबूती से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते रहे हैं। अब्दुल कलाम की सेवानिवृत्ति और मृत्यु के बाद इस काम को गति महिला वैज्ञानिक टीसी थॉमस ने दी है। श्रीमती थॉमस आईजीएमडीपी में अग्नि 5 अनुसंधान की परियोजना निदेशक हैं। उन्हें भारतीय प्रक्षेपास्त्र परियोजना की पहली महिला निदेशक होने का भी श्रेय हासिल है। 32 साल पहले टीसी थॉमस ने एक वैज्ञानिक की हैसियत से इस परियोजना में नौकरी की शुरूआत की थी। अग्नि-5 श्रृंखला की मिसाइलें विकसित करने से पहले उनका सुरक्षा के क्षेत्र में प्रमुख अनुसांधन 'री एंट्री व्हीकल सिस्टम' विकसित करना था। इस प्रणाली की विशिष्टता है कि जब मिसाइल वायुमण्डल में दोबारा प्रवेश करती है तो अत्याधिक तापमान 3000 डिग्री सेल्सियस तक पैदा हो जाता है। इस तापमान को मिसाइल सहन नहीं कर पाती और वह लक्ष्य भेदने से पहले ही जलकर खाक हो जाती है। आरवीएस तकनीक बढ़ते तापमान को नियंत्रण में रखती है, फ्लस्वरुप मिसाइल बीच में नष्ट नहीं होती। इस उपलब्धि को हसिल करने के बाद से ही टीसी थॉमस को 'मिसाइल लेडी' अर्थात् 'अग्नि - पुत्री' कहा जाने लगा। श्रीमती थॉमस को रक्षा उपकारणों के अनुसांधन पर इतना नाज है कि उन्होंने अपने बेटे तक का नाम लड़ाकू विमान 'तेजस' के नाम पर तेजस थॉमस रखा है।

आपका राशिफल 25 दिसम्बर

मेष चू चे चो ला ली लू ले लो आ

जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। योग्यताएं सम्मान दिलायेगी। शुभांक-3-5-7

वृष इ उ ए ओ वा वी वू वे वो

श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। विद्यार्थियों को लाभ। शुभांक-3-5-6

मिथुन का की कू घ ङ छ के को हा

समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-2-4-6

कर्क डी डू हे हो डा डी डू डे डो

परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। संतान की उन्नति के योग हैं। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-3-6-7

सिंह मा मी मू मे मो टा टी टू टे

जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। स्वास्थ्य नरम होगा। शुभांक-3-6-8

कन्या टो पा पी पू ष ण ठ पे पो

व्यापार में वृद्धि होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-6-7-8

तुला रा री रु रे रो ता ती तू ते

पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-1-4-6

वृश्चिक तो ना नी नू ने नो या यी यू

महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। सफलता मिलेगी। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। कर्ज देने से बचें। शुभांक-4-7-9

धनु ये यो भा भी भू धा फा ढा भे

स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। एकाकी वृत्ति त्यागें। शुभांक-5-7-9

मकर भे जा जी खी जू खे खो गा गी

अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। धार्मिक यात्रा का योग। शुभांक-4-7-9

कुंभ गू गे गो सा शी सू से सो दा

कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। किसी कार्य विशेष के लिए यात्रा आवश्यक होगी। शुभांक-4-6-9

मीन दी दू थ झ ञ दे दो चा ची

शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। काम पर पैनी नजर रखिए। सब्र का फल मीठा होता है अत: धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-2-5-7

फिल्म वर्ग पहेली - 6026



ऊपर से नीचे:-

१. 'हँसदे हँसदे' गीत वाली कमल हासन, रवीना, मनीषा की फिल्म-३
२. अमिताभ, शाहरूख, उदय चोपड़ा, ऐश्वर्या, किम शर्मा, प्रीति की फिल्म-४
३. 'आजा आजा गिव मी ए' गीत वाली सलमान, रेवती की फिल्म-२
५. 'दिल क्यों धड़कता है' गीतवाली फिल्म-३
६. 'सुनिये तो रूकिये तो' गीत वाली शाहरूख, जूही चावला की फिल्म-२,२
८. फिल्म 'सवेरे वाली गाड़ी' में नायक-२
११. मिथुन, आदित्य, रेखा की 'मेरा नाम बिल्लू' गीत वाली फिल्म-३
१३. 'अभी साँस लेने की' गीत वाली सलमान, सनी, करिश्मा की फिल्म-२
१५. सनी, मीनाक्षी, ममता की 'कोई जाए तो ले' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'मेरे सपनों की रानी' गीत वाली राजेश खन्ना, शर्मिला की फिल्म-४
१७. मिथुन, अतुल, पूजाभट्ट की 'तेरे बिन मैं कुछ' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'जीवन के सफर में राही' गीत वाली देवआनंद, नूतन की फिल्म-४
१९. 'कभी हाँ कभी ना' में सुचित्रा कृष्णामूर्ति के चरित्र का नाम-२
२२. 'सनम तेरी कसम' में नायिका कौन-२
२३. सनी, अमृता की 'तेरी तसवीर मिल गई' गीत वाली फिल्म-३
२४. 'प्यार कोई खेल नहीं' की नायिका-३
२५. 'रूके रूके से' गीत वाली फिल्म जिसमें संजीव, शर्मिला थे-३
२६. फिल्म 'संन्यासी' में नायिका कौन थी-२

बायें से दायें:-

१. ऋषिकपूर, मनीषा की 'दिल की कही ना जाए' गीत वाली फिल्म-४
४. 'मैं नाचूँ बिन पायल' गीत वाली रितिक, करिश्मा, नेहा की फिल्म-२
६. कृतिका, सोनू की 'सुबह सुबह जब खिड़की' गीत वाली फिल्म-२
७. 'तेरी गलियों में ना' गीत वाली अनिल धवन, नीतूसिंह की फिल्म-३
९. फिल्म 'चोरी चोरी' में राजकपूर के साथ नायिका कौन थी-३
१०. फिल्म 'रणभूमि' में ऋषिकपूर के साथ नायिका कौन थी-३
१२. ऋषिकपूर, डिम्पल की 'मैं शायर तो नहीं' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'पिया तू अब तो आजा' गीत वाली फिल्म 'कारवाँ' का नायक-३
१४. प्रशांत, ऐश्वर्या की 'कोलंबस कोलंबस' गीत वाली फिल्म-२
१५. 'बाबा मेरी ये जवानी' गीत वाली मनोज वाजपेयी, तब्बू की फिल्म-२
१६. जैकी, जूही, अमृता की 'गोरिया रे गोरिया रे' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'दम भर जो उधर मुँह फेरे' गीत वाली राजकपूर, नर्गिस की फिल्म-३
२०. धर्मेन्द्र, हेमा की 'ए बी सी डी छोड़ो' गीत वाली फिल्म-२,२
२१. 'यादें' में रितिक की नायिका -३
२३. अमिताभ, मौसमी की 'यारा ओ यारा' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'मेरी जाँ प्यार करो' गीत वाली मिथुन, पद्मिनी, रंजीता की फिल्म-२
२८. शत्रुघ्न, मिथुन, हेमा, अनिल राज की 'बचके मेरी जान बचके' गीत वाली फिल्म-४
२९. 'कोई सोने के दिल वाला' गीत वाली देवआनंद, माला की फिल्म-२
३०. 'अगर जिंदगी हो तेरे संग हो' गीत वाली फिल्म-३
३१. 'चंदा ने दी चाँदनी' गीत वाली जीतेंद्र, जयाप्रदा की फिल्म-१

फिल्म वर्ग पहेली - 6025

घ	रौ	द		ज	लि	म		आ	
र		मि	ल	न		न	सी	ह	त
	स	नी		य			मा		र
खे	ल		नू	र	ज	हाँ		मा	ल
	मा	धु	री		मी		औ	सू	
ख़	न			औ	र	त		म	स्त
गि		दि	ल			र	खी		
दं		ह्म		आ	र	जू			आ
	स	गी	ना		वो		जा	गृ	ति
ह	त्या		ना			ना	गि	न	

Jagrutidaur.com, Bangalore

सर्दियों में शरीर को अंदर से गर्म रखेंगी ये चीजें

ठंड ने दस्तक दे दी है और लोगों ने शरीर को गर्म रखने के लिए गर्म कपड़ों और रुम हीटर का इस्तेमाल शुरु कर दिया है। लेकिन ये सारी चीजें आपके शरीर को सिर्फ बाहर से ही गर्म रखती हैं। वहीं शरीर को अंदर से गर्म रखने के लिए खान-पान पर ध्यान देने बहुत ही जरुरी है। डाइट में ऐसी चीजें शामिल करें जिनकी तासीर गर्म हो। ऐसा करके आप खुद को सर्दी और फ्लू जैसे इंफेक्शन से बचा सकते हैं। आईए जानते हैं इस मौसम में गर्म तासीर के खाने कौन से हैं जो आपके शरीर को अंदर से गर्म रखने का काम करेंगे।

शहद

शहद में कई ऐसे पोषक तत्व पर्याप्त मात्रा में पाए जाते हैं जो आपके शरीर में उर्जा देते हैं। शहद हमारे इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने का काम करता है। इसके साथ ही गले की खराश को दूर करता है और सर्दियों में होने वाली आम परेशानयों से भी लड़ने में मदद करता है।

देसी घी

सर्दियों में आपको देसी घी को अपनी डाइट में जरुर शामिल करना चाहिए। इससे आपके शरीर की गर्मी और टेंपरेचर को बैलेंस करने में मदद मिलती है, क्योंकि इसमें फैटी एसिड पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है।

गुड़

गुड़ में पर्याप्त मात्रा में कैलरी होती है। ये शरीर को अंदर से गर्म रखने में बहुत फायदेमंद है। शरीर को गर्म रखने के लिए गुड़ को मीठे व्यंजनों में मिलाकर इस्तेमाल किया जा सकता है।

तिल

सर्दियों में तिल को कई तरीकों से डाइट में शामिल किया जा सकता है। खासतौर पर मिठाइयां बनाने में इसका काफी ज्यादा इस्तेमाल किया जाता है। तिल के बीज आपके शरीर को गर्म रखते हैं। कई मायनों में तिल फायदेमंद मना जाता है।

दालचीनी

दालचीनी में ऐंटि -ऑक्सिडेंट और एंटिबायोटिक गुण मौजूद होते हैं। इसे आप किसी भी मीठी डिश, नमकीन, बेकिंग और स्नैक्स में डाल सकते हैं। इसकी तासीर गर्म होती है। सर्दियों में इसका सेवन करने से शरीर में मेटाबॉलिज्म बढ़ता है, जिससे शरीर में गर्मी पैदा होती है। दलचीनी का पानी पीने से खांसी भी ठीक हो जाती है।

सूडोकु नवताल- 6539

मध्यम

		8				1	5	
2					1	8		
3			4		6	7		9
5					9			
	9		2	3	4		7	
			1					8
4		7	6		5			1
		6	7					4
	5	3				2		

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6538 का हल

3	9	7	5	2	1	4	8	6
5	4	2	9	6	8	7	1	3
8	6	1	3	7	4	9	5	2
2	8	9	1	5	3	6	4	7
4	7	3	2	8	6	5	9	1
6	1	5	4	9	7	2	3	8
9	3	4	7	1	2	8	6	5
7	5	6	8	3	9	1	2	4
1	2	8	6	4	5	3	7	9

विचार प्रवाह

जिंदगी में दो अवस्थाओं का सामना सभी को करना होता है। युवावस्था और वृद्धावस्था। वृद्धावस्था को भुन भुनाकर जीने की अपेक्षा गुन गुनाकर जीना सीखिए। अपनी वृद्धावस्था पर अफसोस मत कीजिए। यह सौभाग्य सभी को नहीं मिलता है और युवावस्था में जोखिम उठाने के लिए तैयार रहिए। चांद को छूने के जज्बे के साथ आगे बढ़िए।

-मुनिश्री तरुण सागर

शब्द पहेली - 7578



बाएँ से दाएँ

1. रोशनी-3
4. आशा, उम्मीद-2
5. एक प्रकार की बंगाली मिठाई-2,3
7. भ्रमण, घूमना-3
9. फिजूल, व्यर्थ ही-3
11. गुनाह, जुर्म-4
12. स्नान करवाना-4
14. डग, पांव, पैर-3
16. मक्खन(अंग्रेजी-3)
18. रावण, दशानन-5
19. टेलीफोन, दूरभाष-2
20. असली, शुद्ध-3

ऊपर से नीचे

1. वार, घात-3
2. आश्रय, पनाह-3
3. पायल की आवाज-4
4. दर्पण, शीशा-3
6. चिपकू, जलौका-2
8. स्वयं की पसंद का, स्वरुचिकर-2,3
10. हकलाना, अटक-अटक कर बोलना-5
13. पशु, जन्तु-4
14. मजार, मकबरा-2
15. कामदेव-3
16. बारिश, बरसात-3
17. घनवान, संपन्न-3

शब्द पहेली - 7577 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

कोविड के नए वैरिएंट को लेकर सरकार अलर्ट

मंत्री विश्वास सारंग बोले- हर पॉजिटिव केस की होगी जीनोम सिक्वेंसिंग

भोपाल, यशभारत। कोरोना वायरस के नए वैरिएंट बीएफ डॉट 7 की आहट से पहले ही मध्यप्रदेश सरकार एक्टिव मोड में आ चुकी है। शुक्रवार को चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग भोपाल के गांधी मेडिकल कॉलेज स्थित स्टेट वायरोलॉजी लेबोरेटरी पहुंचे। वहां उन्होंने जीनोम सिक्वेंसिंग मशीन का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि जीनोम सिक्वेंसिंग के लिये मशीन पूर्ण रूप से इंस्टाल की जा चुकी है। इस मशीन में एक बार में 96 पॉजिटिव सेंपल की जीनोम सिक्वेंसिंग की जा सकेगी। मंत्री सारंग ने जीनोम सिक्वेंसिंग के संबंध में सभी व्यवस्थाएं चुस्त-दुरूस्त करने के निर्देश दिए हैं।

जीनोम सिक्वेंसिंग से नये वैरिएंट की हो सकेगी पहचान

मंत्री विश्वास सारंग ने मीडिया से चर्चा के दौरान बताया कि केंद्र सरकार की ओर से राज्य सरकार को कोरोना के सभी पॉजिटिव मामलों की जीनोम सिक्वेंसिंग के निर्देश दिये गये हैं। अभी भोपाल के एम्स में जीनोम सिक्वेंसिंग की जा रही थी। अब भोपाल के गांधी चिकित्सा महाविद्यालय, इंदौर और ग्वालियर के मेडिकल कॉलेजों में भी जीनोम सिक्वेंसिंग मशीनों की स्थापना की जा चुकी है। जीनोम सिक्वेंसिंग मशीन के संचालन के लिये विशेषज्ञों की उपलब्धता भी सुनिश्चित की गई है। जीनोम सिक्वेंसिंग के माध्यम से कोरोना के नये वैरिएंट की पहचान हो सकेगी।

हर महीने ऑक्सीजन प्लांट की मॉक ड्रील

मंत्री विश्वास सारंग ने बताया कि कोरोना की सटीक जांच और इलाज के लिये राज्य सरकार ने पहले से तैयारियां कर ली हैं। मध्यप्रदेश के सभी ऑक्सीजन प्लांट चालू और पूरी क्षमता के साथ सक्रिय हैं। ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट सूचारू रूप से संचालित हो इसके लिये पीरियोडिक कैलेंडर बनाया गया है, जिसके अनुसार हर माह ऑक्सीजन प्लांट की मॉक ड्रील की जा रही है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में संपूर्ण मध्यप्रदेश में लगभग 43 हजार बिस्तर उपलब्ध हैं। साथ ही केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जो भी निर्देश मिलेंगे उनका पालन किया जायेगा।

मप्र में कोरोना के केवल 4 एक्टिव मरीज

चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में कोरोना के केवल 4 एक्टिव केस हैं। मध्यप्रदेश में पिछले 3 दिनों से एक भी पॉजिटिव केस नहीं आया है। वहीं किसी भी मरीज को अस्पताल में भर्ती नहीं किया गया है। सभी पॉजिटिव मरीज होम आइसोलेशन में हैं।

क्या है जीनोम सिक्वेंसिंग

जीनोम सिक्वेंसिंग किसी वायरस का बायोडाटा होता है। वायरस कैसा है, किस तरह दिखता है, इसकी जानकारी जीनोम से मिलती है। इसी वायरस के विशाल समूह को जीनोम कहा जाता है। वायरस के बारे में जानने की विधि को जीनोम सिक्वेंसिंग कहते हैं।

मरीज ज्यादा, सैंपल कम

प्रदेश के अस्पतालों में सर्दी, जुकाम और बुखार से पीड़ित मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, लेकिन कोरोना की जांच कराने वालों की तादाद बेहद कम है। केंद्र सरकार ने सभी राज्यों को पत्र लिखकर हर पॉजिटिव सैंपल की जीनोम सिक्वेंसिंग कराने को कहा है, लेकिन जब टेस्ट ही नहीं होंगे तो वैरिएंट का पता लगाना मुश्किल हो जाएगा। इस बीच, शुक्रवार शाम को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों से कहा कि चिंता नहीं करें पर सतर्क रहें। गुरुवार को प्रदेश में 127 सैंपल जांच के लिए भेजे गए थे। इनमें एक भी संक्रमित नहीं मिला।

म.प्र. ट्रांसको के लोड डिस्पेच सेंटर को मिला राष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार

देश के बड़े स्टेट लोड डिस्पेच सेंटरों में से चुना गया सर्वश्रेष्ठ

भोपाल, यशभारत। म.प्र. ट्रांसको (मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) के जबलपुर स्थित स्टेट लोड डिस्पेच सेंटर को उसके विश्वस्तरीय बुनियादी ढॉचे, नवाचार करने , देश में सर्वप्रथम साइबर सिक्योरिटी माडल विकसित करने सहित अन्य मापदंडो में अग्रणी रहने के कारण देश के पावर सेक्टर का प्रतिष्ठित राष्ट्रीय लोड डिस्पेच सेंटर (भार प्रेषण केन्द्र) उत्कृष्टता पुरस्कार प्राप्त हुआ है। भारत के बिजली सेक्टर की राष्ट्रीय संस्था ग्रिड इंडिया से संबधित फोरम ऑफ लोड डिस्पेचर एवं आईआईटी दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित नेशनल पावर सिस्टम कांफ्रेंस में यह पुरस्कार म.प्र. ट्रांसको की तरफ से मुख्य अभियंता स्टेट लोड डिस्पेच सेंटर जबलपुर श्री एस.एस. पटेल एवं अधीक्षण अभियंता श्री आर.के. गुप्ता ने ग्रहण किया। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने म. प्र. ट्रांसको स्टेट लोड डिस्पेच सेंटर जबलपुर के अभियंताओं को इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

उत्कृष्ट लोड डिस्पेच सेंटर की चयन प्रक्रिया में देश के 43 लोड डिस्पेच सेंटर्स ने हिस्सा लिया। मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी को देश के पावर सेक्टर का यह बेहद प्रतिष्ठित पुरस्कार ग्रिड मापदण्डों का पालन करने और पुरस्कार चयन की तीन चरणों की कठिन प्रक्रियाओं से गुजरने के बाद मिला है। पुरस्कार चयन प्रक्रिया में पहले चरण में 40 से अधिक मापदंड बिंदुओं पर वस्तुस्थिति के आधार पर मध्य प्रदेश सहित महाराष्ट्र और तेलंगाना प्रदेश चुने गये। दूसरे चरण में प्रेजेंटेशन एवं चार सदस्यीय जूरी के द्वारा लिये मौखिक साक्षात्कार के आधार पर पहले चरण में चयनित तीनों स्टेट लोड डिस्पेच सेंटर्स की परफारमेंस परखी गई। आईआईटी के प्रोफेसर्स, पोसोको (ग्रिड इंडिया) के विश्व स्तरीय रिटायर्ड विशेषज्ञ और टाटा एनर्जी रिसर्च इंस्टीट्यूट के नामी विशेषज्ञों की जूरी द्वारा तीसरे चरण की प्रक्रिया के उपरांत समग्र रूप से मध्य प्रदेश के राज्य लोड डिस्पेच सेंटर को इस पुरस्कार के लिये चुना गया।

यह रही प्रक्रिया

इस पुरस्कार के लिए पहले देश के सभी राज्य लोड डिस्पेच सेंटरों से आवेदन मंगाये गये। राज्य लोड डिस्पेच सेंटरों के बुनियादी ढांचे, नवाचार में किए गये कार्यो का विवरण, पावर सेक्टर की चुनौतियों से निपटने के तरीके, सायबर सिक्योरिटी के लिए पालन की गई प्रक्रिया ग्रिड मैनेजमेंट कार्मिकों को ट्रेनिंग उनके वेलफेयर के लिए किये गये कार्य, अत्याधुनिक आई टी सिस्टम की उपलब्धता , रियल टाइम डाटा का संग्रहण, नवीनीकरण ऊर्जा के ग्रिड के साथ एकीकरण ,आइसलेडिंग स्कीम आदि बिन्दुओं पर जानकारी दी गई थी।

मध्य प्रदेश ने केंद्र सरकार से कोविशील्ड के पांच लाख डोज की मांग की

भोपाल यशभारत। मध्य प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डा. प्रभुराम चौधरी ने कोरोनारोधी वैक्सीन कोविशील्ड की पांच लाख डोज उपलब्ध कराने की मांग केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडाविया से की है। केंद्रीय मंत्री ने इस पर तुरंत निर्णय लेने की बात कही है। वह सभी राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ कोरोना से निपटने की तैयारियों को लेकर वीडियो कांफ्रेंसिंग कर रहे थे। बता दें कि प्रदेश में कोविशील्ड वैक्सीन उपलब्ध नहीं होने की वजह से लोगों को सतर्कता डोज नहीं लग पा रही है। पहली और दूसरी डोज लगवाने के लिए भी लोग परेशान हो रहे हैं। इसके विकल्प के तौर पर लगाई जाने वाली कार्बोवैक्स वैक्सीन भी नहीं है। कोवैक्सीन के एक लाख डोज जरूर उपलब्ध हैं। बता दें कि प्रदेश में 18 साल से ऊपर के 98.5 प्रतिशत लोगों को दोनों डोज लग चुकी हैं। मांडाविया ने मध्य प्रदेश समेत सभी राज्यों में कोरोना से बचाव और उपचार के लिए उपलब्ध संसाधनों का 27 दिसंबर को माकड्रिल करने को कहा है। इसमें आक्सीजन प्लांट, वेंटिलेटर सहित अन्य उपकरणों को चला कर देखा जाएगा। डा. प्रभुराम चौधरी ने केंद्रीय मंत्री को आश्वस्त किया कि केंद्र ने कोरोना के नए सब वेरिएंट बीएफ-7 को लेकर जो दिशा निर्देश जारी किए हैं उनका पालन किया जा रहा है।

51 पर्यटन स्थलों पर इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन बनाएगी सरकार

भोपाल ईएमएस। इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग करने वाले पर्यटकों की सुविधा के लिए प्रदेश के 51 पर्यटन स्थलों पर चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। मध्य प्रदेश पर्यटन विकास निगम बैटरी चलित वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन की सुविधा उपलब्ध कराएगा। इसके लिए निगम ने निजी कंपनियों से रिक्वेस्ट आफ प्रपोजल मांगे हैं। इससे उन पर्यटकों को सुविधा मिलेगी जो बैटरी चलित वाहन चलाते हैं। निजी कंपनी को दस साल तक स्टेशन का संचालन करना होगा। 27 दिसंबर 2022 को बिड खोली जाएगी। जबलपुर, उज्जैन और मंदसौर जिले सहित प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। वहीं मुंबई के मध्यलोक भवन में भी चार्जिंग की सुविधा मिलेगी।

इन स्थलों पर बनेंगे ई- चार्जिंग स्टेशन

जबलपुर में होटल कल्चुरी, भेड़ाघाट स्थित एमपीटी मार्बल कैफे, बरगी रोड स्थित खमरिया में एमपीटी मजकल रिसोर्ट एण्ड वाटर स्पोर्ट, मांडव में मालवा रिसोर्ट माण्डू और मालवा रिट्रीट, उज्जैन में एंड पीटी क्षिप्रा रेसीडेंसी, एमपीटी उज्जैनी एवं होटल अवंतिका, मंदसौर में यशोधर्मन हाईवे ट्रीट ओंकारेश्वर के सैलानी में सैलानी आईलैंड रिसोर्ट एवं टेंपल व्यू ओंकारेश्वर, मुंबई के मध्यलोक भवन, खंडवा में हनुवंतिया रिसोर्ट, गांधी सागर डेम के पास हिंगलाज रिसोर्ट, झाबुआ में मोटल झाबुआ, महेश्वर में नर्मदा रिसोर्ट, पेंच में किपलिंग कोर्ट, अनूपपुर में होली डे होम्स अमरकंटक, बांधवगढ़ में व्हाईट टाइगर फारेस्ट रिसोर्ट, कान्हा में एमपीटी जंगल रिसोर्ट सरही, मोचा में बघीरा जंगल रिसोर्ट, कान्हा सफारी लाज, पचमढ़ी में होटल अमलतास, चंपक बंग्लोव, होटल देवदारु बंग्लोव, एमपीटी ग्लेन व्यू, एमपीटी हाईलैंड, एमपीटी राक एंड मेनोर, होटल कर्णीकर बंग्लोव, एमपीटी नीलांबर काटेजेस तथा सतपुड़ा रिट्रीट, तवानगर में तवा रिसोर्ट, सतना में एमपीटी होटल भरहुत, खजुराहो में एमपीटी होटल झंकार, पन्ना में जंगल कैंप मंडला, खजुराहो में एमपीटी होटल झंकार, कुटनी डेम के पास स्थित कुटनी आईलैंड रिसोर्ट, एमपीटी होटल पायल तथा एमपीटी सुरबहार मैहर, रीवा में विंध्या रिट्रीट, चित्रकूट में मंदाकिनी रिसोर्ट एवं एमपीटी टूरिस्ट बंग्लोव, चंदेरी में किला कोठी तथा ताना बाना, ओरछा में होटल शीश महल तथा होटल बेतवा, शिवपुरी में होटल टूरिस्ट विलेज, ग्वालियर में होटल तानसेन रेसीडेंसी तथा बोट क्लब तिगरा, मढ़ई में बायसन रिसोर्ट, परसिली में एमपीटी परसिली रिसोर्ट एवं चोरल में चोरल रिसोर्ट में चार्जिंग स्टेशन लगाए जाएंगे।

मध्य प्रदेश में बाघों की संख्या पर टिकी सबकी नजरें

भोपाल, यशभारत। देशभर में बाघों की गणना (बाघ आकलन-2022) पूरी हो चुकी है। अब परिणाम का इंतजार है, जो अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस (29 जुलाई) पर आने की संभावना है। ऐसे में मध्य प्रदेश में बाघों की संख्या पर सभी की नजरें टिकी हैं। क्योंकि मुकाबला टक्कर का है। यदि बाघों की संख्या के मामले में देश में दूसरे नंबर के राज्य कर्नाटक में इस बार की गणना में ज्यादा बाघ पाए गए, तो मध्य प्रदेश से टाइगर स्टेट का तमगा भी छिन सकता है। इन आशंकाओं के चलते इस बार बाघों की उपस्थिति वाले प्रत्येक क्षेत्र को खंगाला गया है। ऐसे 10 क्षेत्र गणना में शामिल किए गए हैं, जो वर्ष 2018 की गणना में नहीं थे। इसके बाद भी यह कहना मुश्किल है कि परिस्थिति क्या होगी? देश में हर चार साल में बाघों की गिनती की जाती है। पिछली गिनती वर्ष 2018 में हुई थी, जिसमें मध्य प्रदेश में 526 और कर्नाटक में 524 बाघ पाए गए थे। सिर्फ दो बाघ अधिक होने के कारण मध्य प्रदेश को आठ साल पहले खोया टाइगर स्टेट का तमगा मिल गया था। अब इसे बरकरार रखने का दबाव है, इसलिए बाघ प्रबंधन के साथ बाघों की गिनती बढ़ाने के लिए नए क्षेत्र तलाश किए गए। उनकी गिनती की गई और कैमरा ट्रैप से बाघों के फोटो लिए गए। इस आधार पर वन अधिकारी मानकर चल रहे हैं कि टाइगर स्टेट का तमगा बरकरार रहेगा। इस बार बाघों की संख्या सात सौ के आसपास रहेगी पर यह इतना भी आसान नहीं है। अधिकारी बाघों की संख्या बढ़ने का अनुमान तो लगाया रहे हैं, पर बाघों की मौत के आंकड़ों की तुलना नहीं कर रहे हैं। इस साल प्रदेश में 34 बाघों की मौत हुई है। जबकि कर्नाटक में 14 बाघ मरे हैं। देश में तीसरे नंबर पर रहे उत्तराखंड की बात करें, तो वहां सालभर में सिर्फ छह बाघों की मौत हुई है।

कर्मचारियों की कमी से हो रही देरी

सूत्र बताते हैं कि बाघ आकलन 2022 के परिणाम आने में देरी का बड़ा कारण भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून में कर्मचारियों की कमी है। क्योंकि ट्रैप कैमरे से लिए गए बाघ के फोटो, सेटेलाइट इमेजरी, क्षेत्र में मिले बाघ उपस्थिति के प्रमाण आदि का मिलान किया जाता है।

इन क्षेत्रों में मिले बाघों की उपस्थिति के प्रमाण

प्रदेश में बाघ भ्रमण वाले 25 क्षेत्र चुने गए थे। इन्हीं पर ध्यान देकर गणना शुरू की गई। गणना के दौरान 10 नए क्षेत्रों में भी बाघों की उपस्थिति के प्रमाण मिले, तो मई 2022 में इन क्षेत्रों में गिनती शुरू की गई और इनमें 50 से ज्यादा बाघ गिने गए हैं। इन क्षेत्रों में हरदा, नर्मदापुरम, खंडवा, दक्षिण सिवनी, पश्चिम बैतूल, दक्षिण बालाघाट, बड़वाह, देवास, दक्षिण पन्ना और सतना वनमंडल शामिल हैं। इन क्षेत्रों में इसके पहले दो दशक से बाघ नहीं देखे गए थे।

कमरे में बंधक बनाकर 11वीं की छात्रा से सहपाठी ने किया दुष्कर्म

भोपाल यशभारत। राजधानी के छोला मंदिर थाना इलाके में 11वीं की छात्रा को कमरे में बंधक बनाकर उससे दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोपित भी नाबालिग है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने छात्रा के साथ पढ़ने वाले छात्र को दुष्कर्म, पोक्सो एक्ट के तहत अभिरक्षा में ले लिया है। छोला मंदिर थाना पुलिस के मुताबिक क्षेत्र में रहने वाली 17 वर्षीय किशोरी 11 वीं कक्षा में पढ़ती है। उसके साथ पढ़ने वाले किशोर ने छात्रा से परीक्षा की तैयारी मिलकर करने की बात कही थी। छात्रा इसके लिए तैयार हो गई। लेकिन 17-18 दिसंबर की रात करीब ढाई बजे किशोर छात्रा के कमरे में पढ़ाई के बहाने से पहुंचा। इसके बाद कमरे का दरवाजा बंद कर उसने छात्रा को धमकाया और उसके साथ ज्यादती की। डर के कारण घटना के बारे में छात्रा ने किसी को नहीं बताया। उधर सहपाठी जब दोबारा उस पर शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव बनाने लगा, तो छात्रा ने घटना के बारे में स्वजन को बता दिया। इसके बाद मामले की शिकायत थाने में कर दी गई।

शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म

उधर, जहांगीराबाद पुलिस ने एक महिला की रिपोर्ट पर युवक के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है। आरोपित शादी का झांसा देकर पिछले तीन साल से महिला का शोषण कर रहा था। महिला ने जब शादी के लिए दबाव बनाया तो उसने इंकार कर दिया। पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली 34 वर्षीय महिला एक होटल में काम करती थी। इस दौरान उसकी मुलाकात उसी होटल में काम करने वाले इजहार नामक युवक से हुई। कुछ ही दिनों में दोनों के बीच गहरी दोस्ती हो गई। उसने महिला को भड़काना शुरू किया कि वह अपने पति को छोड़ दे तो वह उससे शादी कर लेगा। बातों में आकर महिला ने अपने पति को छोड़ दिया। अगस्त 2019 में पहली बार इजहार ने महिला के साथ शारीरिक संबंध बनाए। उसके बाद से वह लगातार उसका शोषण कर रहा था। पिछले कुछ दिनों से उसने महिला से दूरी बनानी शुरू कर दी थी। महिला ने जब शादी के लिए दबाव बनाया तो उसने इंकार कर दिया। परेशान होकर पीड़िता ने थाने जाकर इजहार के खिलाफ केस दर्ज करवा दिया।

क्रिसमस के बाद शुरू होगा हाड़ कंपाने वाली सर्दी का दौर, 26 दिसंबर से बदलेगा मौसम

भोपाल, यशभारत । मध्य प्रदेश में कड़कड़ाती ठंड का इंतजार अब जल्द ही खत्म होने वाला है। 26 दिसंबर से प्रदेश के मौसम में बड़े बदलाव के आसार हैं। क्रिसमस के अगले दिन से हवाओं के साथ नमी आने के कारण बादल छाएंगे और दिन के तापमान में कमी आ सकती है। इसके साथ ही हाड़ कंपाने वाली सर्दी के दौर की शुरुआत हो सकती है। गुरुवार को मध्य प्रदेश में सबसे कम 7.1 डिग्री सेल्सियस तापमान नौगांव में दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक 26 दिसंबर को एक तीव्र आवृति वाले पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत में प्रवेश करने की संभावना है। उसके प्रभाव से हवाओं के साथ नमी आएगी। इसके चलते मध्य प्रदेश में बादल छाने के आसार हैं। पश्चिमी विक्षोभ के असर से दिन के तापमान में गिरावट होगी और वातावरण में सर्दी बढ़ेगी। मौसम की मौजूदा गर्माहट का कारण महाराष्ट्र के ऊपर 1.5 किलोमीटर की ऊंचाई पर बना एक प्रति-चक्रवात है। इसके असर से हवाओं का रुख बार-बार बदल रहा है। इससे तापमान में बढ़ोतरी हो रही है और एमपी के अधिकतर जिलों में दिन और रात के तापमान सामान्य से अधिक बने हुए हैं। यह सिलसिला 26 दिसंबर तक बना रह सकता है। इधर, ग्वालियर-चंबल संभाग के जिलों में कोहरे का असर दिख रहा है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार वर्तमान में एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ ट्रफ के रूप में पाकिस्तान और उससे लगे जम्मू-कश्मीर पर बना हुआ है। इससे वातावरण में नमी है, जिसके चलते घना कोहरा छा रहा है। हवा की रफ्तार मंद रहने से कोहरा लंबे समय तक बना रहता है।

क्रिसमस पर आरएसएस का निमंत्रण आया तो साथ मिलकर करेंगे भोजन - आर्चबिशप डा दुरईराज

भोपाल यशभारत। क्रिसमस पर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की ओर से कोई न्यौता नहीं मिला है। यदि बुलावा आता है तो एक साथ मिलकर भोजन करेंगे। ईसाई धर्म हमेशा से भाईचारे का संदेश देता रहा है। यह भाईचारा बढ़ाने की अच्छी पहल है। यह बात भोपाल धर्माप्रांत के आर्चबिशप डा एएएस दुरईराज ने अरेरा कालोनी स्थित पास्टरल सेंटर में क्रिसमस त्योहार से पहले केक कटिंग कार्यक्रम में कही। वो मतांतरण के सवालों पर ज्यादा कुछ नहीं बोले। इतना ही कहा कि देश में कानून है। हम भाईचारे से रहने का संदेश देते हैं। उन्होंने किसमस का संदेश देते हुए कहा कि क्रिसमस पर्व शांति और सद्भाव के संचार का शुभ संदेश देता है, जो पूरी मानवता को एकता, प्रेम और भाईचारे के संदेश से जोड़ता है। संत फादर फ्रांसिस हमें क्रिसमस के दौरान पालन की जाने वाली विभिन्न परंपराओं से सादगी व पर्यावरण संरक्षण को सीखने के लिए आमंत्रित करते हैं। क्रिसमस का उल्लास हर धर्म, जाति और समुदाय में धर्मनिरपेक्ष परंपरा के रूप में दिखाई देता है। आर्चबिशप के रूप में दुरईराज ने एक वर्ष का कार्यकाल पूरा कर लिया है। उन्होंने भावी योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के अलावा हम अपने शिक्षण संस्थानों में समाज सेवा पर भी जोर दे रहे हैं। हमारे महाधर्मप्रांत का समाज कल्याण विभाग भी पर्यावरण और अन्य सामाजिक कार्य निरंतर कर रहा है। इस अवसर पर उन्होंने लोगों से जरूरतमंदों की मदद करने की अपील की।

भोपाल में कांग्रेस पदाधिकारी से 15 लाख की ड्रग्स बरामद

भोपाल,ईएमएस। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपयोग में लाया जाने वाला नशा अब मध्यप्रदेश में भी आसानी से उपलब्ध हो रहा है। बीते कुछ दिनों में मध्य प्रदेश पुलिस ने ऐसी कई कार्रवाई की हैं जिनमें MDMA ड्रग बरामद किया गया है। ताजा कार्रवाई राजधानी भोपाल के अयोध्या नगर पुलिस ने की है। पुलिस ने एक महिंद्रा थार कार से 15 ग्राम एमडी नामक नशीला पदार्थ बरामद किया है। बाजार में इसकी कीमत 15 लाख रुपए बताई जा रही है। भोपाल के अयोध्या नगर थाना के प्रभारी निलेश अवस्थी ने घटना की पुष्टि की है। गिरफ्तार आरोपी कांग्रेस का पदाधिकारी बताया जा रहा है। बीजेपी नेताओं ने आरोप लगाया है कि ड्रग सप्लायर के संबंध कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह से हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि हमें सूचना मिली थी कि एक गाड़ी में सवार होकर अज्ञात आरोपी ड्रग की सप्लाई कर रहा है। इसके बाद हमने जाल बिछाया और उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने जो ट्रक एमडी बरामद किया है यह म्याऊं म्याऊं के नाम से मशहूर है। पुलिस ने नारकोटिक्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

ऐसे पकड़ में आया आरोपी

बुधवार दोपहर राजधानी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिलेगी कि कोई व्यक्ति नशीला पदार्थ लेकर जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम सक्रिय हो गई। सूखी सेवनिया से अयोध्या नगर की ओर आने वाले सुनसान रोड पर ग्राम अरेडी पुलिया के पास पुलिस ने लाल रंग की जीप को रोक लिया। तलाशी लेने पर उसके चालक हामिद खान के पास 15 ग्राम एमडी नशीला पदार्थ बरामद हुआ। आरोपी की उम्र 57 साल है और वह कोकता बायपास क्षेत्र में रहता है। भोपाल पुलिस के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त राजेश सिंह भदौरिया ने मीडिया को बताया है कि अयोध्या नगर पुलिस ने हामिद खान से 15 ग्राम ड्रग बरामद किया है। उसने पूछताछ में अपने मुंबई के संपर्क बताए हैं।

कांग्रेस पर हमलावर हुई बीजेपी

बीजेपी विधायक रामेश्वर शर्मा ने अपने ट्वीटर हैंडल पर गिरफ्तार आरोपी की कांग्रेस के कई नेताओं के साथ तस्वीर ट्वीट की और सवाल उठाया है। ट्वीट में उन्होंने कहा, च्कांग्रेस के प्रदेश महासचिव हामिद खान 20 लाख रुपये के साथ गिरफ्तार हुआ है। मध्य प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता डॉ हितेश बाजपेई ने नवभारत टाइम्स डॉट कॉम को बताया कि एक बार उमंग सिंघार ने दिग्विजय सिंह को माफिया कहा था। हाल ही में पुलिस ने जो कार्रवाई की है उसमें कांग्रेसी नेता हामिद खान गिरफ्तार हुआ है। उसकी नजदीकी दिग्विजय सिंह से बताई जाती है।

पुलिस कर रही छानबीन

पुलिस आरोपी से सख्ती से पूछताछ कर रही है कि उसने यह मादक पदार्थ कहां से लाया था और किन को सप्लाई करता था। आरोपी ने पुलिस को कुछ संपर्क बताएं हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही उन्हें बड़े सरगना को गिरफ्तार करने में सफलता मिलेगी।

भोपाल में बढ़ रहा नशे का कारोबार

पिछले कुछ वर्षों में राजधानी भोपाल में नाइट पब और का बाहर का चलन तेजी से बढ़ा है। इस कारण यहां पर अंतरराष्ट्रीय स्तर की नशे की मांग भी ब?ी है। खासतौर से रईसजादों की देर रात चलने वाली पार्टियों व महानगरों में एमडी का नशा करने का चलन है। अब ये भोपाल में भी उपयोग लाया जा रहा है। पिछले दिनों मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने MP में चल रहे नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए थे। उन्होंने कहा था कि मध्यप्रदेश की धरती पर हुक्का लाउंज नहीं चलेंगे, जहां चल रहे हैं तो उन्हें बंद करने के निर्देश भी मुख्यमंत्री ने दिए थे।

स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बरतने पर होगी कार्रवाई

जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दी चेतावनी

कटनी,यशभारत। कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में कार्यालय कलेक्टर स्थित सभाकक्ष मे जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने संस्थागत प्रसव को बढावा देनें के निर्देश दिए ताकि जिले की मातृ मृत्यु दर को कम किया जा सके। उन्होने कहा कि इसके लिए व्यवस्थित कैलेण्डर तैयार किया जाए। इस मामले में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

संस्थागत प्रसव हेतु ड्यू लिस्ट का कैलेण्डर तैयार कर महिलाओं को लाने की जवाबदेही करें सुनिश्चित - कलेक्टर

कटनी,यशभारत। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा बैठक के दौरान समस्त आयुष्मान समन्वयक के माध्यम से स्वास्थ्य केन्द्रों में आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के निर्देश प्रदान कए गए, साथ ही आयुष्मान भारत निरामय में निजी अस्पतालों की निरीक्षण रिपोर्ट प्रेषित करने हेतु डी.एच.ओ को निर्देशित किया गया। मातृ- मत्यु दर के आंकडों की समीक्षा की जाकर मत्यु दर को कम हेतु संस्थागत प्रसव हेतु ड्यू लिस्ट का कैलेण्डर बनाये जाने एवं महिलाओं को लाने की जवाबदेही सुनिश्चित करने हेतु डी.पी.एम को निर्देशित किया गया। मातृत्व सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत समस्त कार्यो में शत प्रतिशत उपलब्धि करने हेतु समस्त बी.एम.ओ को निर्देशित किया गया। एन.आर. सी मे बच्चों की भर्ती शत प्रतिशत करानें हेतु गंभीर कुपोषित एवं मध्यम कुपोषित बच्चों के नाम तथा अभिभावकों का नाम एवं उनके मोबाईल नंबर की सूची महिला एवं बाल विकास अधिकारी द्वारा प्रत्येक 15 दिवसों में सी.एम.एच ओ को उपलब्ध कराने हेतु डी.पी.ओ एवं एन.आर.सी. फीडिंग डीमौसट्रेटर को निर्देशित किया गया। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा एस.एन.सी.यू में भर्ती किये जानें वाले बच्चों की विकासखण्ड वार समीक्षा करते हुए भर्ती के दौरान मृत बच्चों की जानकारी एवं उनका फॉलो-अप न करनें के करण की जानकारी प्रदान करने हेतु प्रभारी एस.एन.सी.यू को निर्देशित किया। कलेक्टर श्री प्रसाद ने डी.एच.ओ. एवं बी.एम.ओ को निर्देशित करते हुए कहा कि ब्लॉक स्तर पर एम.एम.आर सूचकांक की जानकारी ब्लाक स्तर तक बनायी जाये तथा मृत्यु का कारण बताकार रिमार्क में बचाव की जानकारी भी लिखी जाए। एन.आर.सी बैड ऑक्यूपेंसी के विरूद्ध शत प्रतिशत बच्चे भर्ती नही होने पर संबंधित बी.एम.ओ एवं सी.डी.पी.ओ द्वारा उनके क्षेत्र में कुपोषित बच्चे नहीं होने का प्रमाण पत्र दिए जाने के निर्देश प्रदान किए गए। कलेक्टर श्री प्रसाद ने कहा कि प्रत्येक शुक्रवार महिला चिकित्सकों द्वारा एच.आर.पी. क्लीनिक कलैण्डर अनुसार संचालित की जाए। जिसकी सघन मॉनीटरिंग एवं प्रचार- प्रसार भी कराया जाए। बैठक के दौरान सी.एम.एच.ओ प्रदीप मुडिया, सिविल सर्जन यशवंत वर्मा, डी.पी.ओ महिला बाल विकास नयन सिंह, डी.एच.ओ राजेश केवट एवं शैलेन्द्र दीवान, परियोजना अधिकारी मीना बडकुल, आरती यादव संतोाष अग्रवाल मीडिया प्रभारी अनीता उसराठे सहित विभिन्न विकासखण्ड के बी.एम.ओ, डी.एम.ओ, बी.ई.ई, बी.पी.एम सहित सुपरवाईजर आई.डी.एस.पी उपस्थित रहे।

जिला स्तरीय कार्यशाला में पढ़ाया सुशासन का पाठ

कटनी,यशभारत। सुशासन सप्ताह के तहत कलेक्टर अवि प्रसाद के मार्गदर्शन तथा निर्देशानुसार गुरुवार 22 दिसंबर को जिला स्तरीय सुशासन कार्यशाला का आयोजन आरसेटी एसबीआई ग्रामीण स्व-रोजगार प्रशिक्षण संस्थान कटनी मे अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर लोक सेवा के जिला प्रबंधक दिनेश विश्वकर्मा द्वारा सुशासन के संबंध में सी.एम.हेल्पलाईन, लोक सेवा गांरटी, सेन्ट्रल पी.जी. शिकायतें, सी.एम.मॉनिट, सी.एम.हाउस का प्रस्तुतीकरण किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वययक जिला शिक्षा केन्द्र, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास नयन सिंह द्वारा बेस्ट नवाचार, सुशासन, विभागीय पब्लिक कार्य, शिकायतों के प्रकार एवं निराकरण के संबंध में प्रशिक्षणार्थी छात्र-छात्राओं की उपस्थिति मे प्रस्तुतीकरण किया गया। आयोजित कार्यशाला में जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह, महिला बाल विकास विभाग, प्रदीप मुढ़िया स्वास्थ्य विभाग, पृथ्वी पाल सिंह जिला शिक्षा अधिकारी, के.के. डेहरिया जिला परियोजना समन्वयक, जिला शिक्षा केन्द्र कटनी, उदम बानरा प्रबंधक लीड बैंक, वनश्री कुरवेती महिला शसक्तिकरण अधिकारी, शरद कुमार पांडेय कार्यालय सहायक लोक सेवा प्रबंधन विभाग, मनोहर लाल अहिरवाल निदेशक आरसेटी एसबीआई ग्रामीण स्व-रोजगार प्रशिक्षण संस्था उपस्थिति रहे। सभी अधिकारियों एवं प्रशिक्षणार्थियों तथा कलेक्टर अवि प्रसाद के मार्गदर्शन तथा सहयोग से सफल कार्यक्रम के लिये दिनेश कुमार विश्वकर्मा जिला प्रबंधक लोक सेवा द्वारा धन्यवाद ज्ञापित करते हुये कार्यशाला का समापन किया गया।

400 हितग्राहियों को विवाह सहायता के रूप मे 2 करोड़ से अधिक की राशि वितरित

कटनी,यशभारत। म0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल योजना अंतर्गत संचालित विवाह सहायता योजना में जिले के कुल 400 पात्र हितग्राहियों को प्रति श्रमिक 51 हजार रूपये के मान से कुल राशि 2 करोड़ 4 लाख रुपये का भुगतान श्रम विभाग द्वारा सीधे हितग्राहियों के खाते में किया जा चुका है। श्रम पदाधिकारी के.बी. मिश्रा ने बताया कि विवाह सहायता योजना अंतर्गत जिले में लंबित 490 प्रकरणों में शासन द्वारा राशि श्रम विभाग को आवंटित की गयी थी। जिसमें कलेक्टर श्री अवि प्रसाद द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में श्रम विभाग द्वारा समस्त निकायों से नस्तियाँ मंगवाते हुये संबधित हितग्राहियों को राशि आवंटित की गयी। योजना अंतर्गत शेष लंबित प्रकरणों में भुगतान की कार्यवाही प्रचलित है, शीघ्र उनका भी भुगतान किया जावेगा।

धान उपार्जन केन्द्र का जायजा लेने पहुंचे जिला पंचायत उपाध्यक्ष

केंद्र में विद्युत आपूर्ति की समस्या पर विभागीय अधिकारियों से चर्चा, निराकरण के निर्देश

कटनी,यशभारत। गत देर शाम जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने ग्राम पंचायत कैलवारा में संचालित धान उपार्जन कार्य का निरीक्षण किया। खरीदी केंद्र में विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर मौके से ही विद्युत विभाग के अधिकारियों से बात की और समस्या के शीघ्र निराकरण के लिए निर्देशित किया। वहीं उन्होंने उपार्जन केंद्र पहुंचे किसानों से चर्चा की और समर्थन मूल्य पर की जा रही धान के उपार्जन को लेकर उनका फीडबैक लिया। जिसके बाद जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने चाका सहकारी समिति के उपस्थित प्रतिनिधियों से भी उपार्जन कार्य की प्रगति की जानकारी ली और केंद्र में आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर निर्देश दिए। उन्होने कहा कि उपार्जन के लिए शासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करे और उपार्जन केंद्र में किसानों के लिए समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष अर्पित पोद्दार, खरीदी केंद्र प्रभारी महेंद्र परोहा, कृषक लल्ला राम कैलवारा, दीपक यादव खरखरी सहित अन्य किसान उपस्थित रहे।

सिनगौड़ी स्कूल में नियमित रूप से हो रही सफाई

कटनी, यशभारत। कार्यालय कलेक्टर में स्कूल में छात्राओं से साफ-सफाई व्यवस्था के निर्देश की जानकारी प्राप्त हुई, जिसे कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा संज्ञान में लेते हुए कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जिला कटनी को निर्देशित किया। स्कूल में छात्राओं से सफाई कराने का वीडियों वायरल समाचार के संबंध में प्राचार्य शा.उ.मा.वि.सिनगौडी ने बताया कि 17 दिसम्बर को उमंग कार्यक्रम एवं बालसभा का साप्ताहिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र/छात्राओं ने पेपर कटिंग पहेलियो की प्रस्तुतीकरण हेतु चित्रों को तैयार किया गया। इस कारण कागज के टुकड़े कक्षा में फैल गए। छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए कागज के टुकड़ों को उठाकर बाहर फेंका गया। शौचालय की व्यवस्था बालक एवं बालिकाओं के लिए अलग-अलग है। भृत्य नियमित रूप से कमरों की सफाई करते है वायरल वीडियों में पूर्व में शाला में आयोजित साफ-सफाई अभियान की झलक दिखाई दे रही है। जिसमें सरपंच एवं सदस्य व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

क्रिकेट प्रतियोगिता में चड्ढा कॉलेज टीम बनी विजेता

कटनी, यशभारत। मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के खेल कैलेण्डर 2022-23 के अंतर्गत जिला स्तरीय क्रिकेट पुरूष प्रतियोगिता दिनांक 19 दिसम्बर एवं 20 दिसम्बर को सायना इंटरनेशन कॉलेज कटनी में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में कटनी जिले के सात महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। उक्त क्रिकेट प्रतियोगिता का सेमीफाईनल मैच कटनी आर्ट्स एण्ड कामर्स कॉलेज चड्ढा कॉलेज बनाम शासकीय महाविद्यालय विजयराघवगढ की टीम के बीच खेला गया जिसमें चड्ढा कॉलेज की टीम ने शासकीय महाविद्यालय विजयराघवगढ को 10 विकेट के भारी अंतराल से परास्त कर फाईनल में प्रवेश किया जिसमें पहले से ही फाईनल में पंहुची शासकीय तिलक महाविद्यालय कटनी की टीम बनाम चड्ढा कॉलेज कटनी के बीच फाईनल मुकाबला खेला गया यह मैच भी चड्ढा कॉलेज ने 9 विकेट के भारी अंतराल से तिलक कॉलेज को हराकर पूर्व वर्ष की भांति विजेता बनी। महाविद्यालय प्राचार्य डा. जय चड्ढा ने सभी खिलाड़ियों के उत्कृट प्रदर्षन की सराहना करते हुए कहा कि खेल कूद के माध्यम से विद्यार्थियों का शारीरिक विकास के साथ-साथ बौद्धिक क्षमता भी मजबूत होती है। तथा जीवन में लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए खेलों का महत्वपूर्ण स्थान है। क्रीडा प्रभारी मुकेष गुसा एवं सहायक प्राध्यापक रितेश निगम को भी उनके उत्कृष्ट मार्गदर्शन के लिए शुभकामनायें प्रदान की।

27 दिनों में अब तक बदले 222 ट्रांसफार्मर

कटनी,यशभारत। विगत दिवस कटनी कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान दिए गए निर्देशों के अनुपालन में गुरूवार 22 दिसंबर को 11 नग पात्र ट्रांसफार्मर बदले गए। इस 22 दिसंबर तक कुल 222 नग ट्रांसफार्मर बदल दिए गए है। अधीक्षण अभियंता (संचा - संधा) वृत्त कटनी मोहम्मद अयूब खान ने बताया कि बदले गये 11 ट्रांसफार्मर मे (ग्राम खमरिया 25 केवीए, भटगवा 63 केवीए, पोडीकला 63 केवीए, सूरपार 100 केवीए, बुजबुजा 100 केवीए, टीकर 25 केवीए, उबरा 25 केवीए, हरदुआ हनुमान 100 केवीए, कनोर 25 केवीए, छीतापहाड़ी 100 केवीए, सकरवारा 25 केवीए इस तरह 26 नवंबर से 22 दिसंबर तक विगत 27 दिनों में कुल 222 पात्र ट्रांसफार्मर बदले जा चुके हैं एवं ट्रांसफार्मरों की उपलब्धतानुसार शेष सभी पात्र ट्रांसफार्मरों को भी समयावधि में बदलने की कार्यवाही की जा रही है। उपरोक्त कार्यवाही आगे भी यह प्रक्रिया सतत जारी रहेगी।

बस्तियों में पहुंचकर जनता को बताईं सरकार की उपलब्धि, जनहितकारी योजनाएं

अजा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विष्णु भारती एवं जिलाध्यक्ष दीपक सोनी के नेतृत्व में जनता से संवाद

कटनी, यशभारत। केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को बताने और उससे अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को जोड़ने के उद्देश्य से भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के नेतृत्व में बस्ती सम्पर्क अभियान चलाया जा रहा है जिसकी शुरुआत कटनी में विगत सोमवार को की गई।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष तथा सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा के निर्देशानुसार जन जन तक सरकार की योजना पहुंचाने के उद्देश्य से आज पिछड़ी, अनुसूचित बस्तियों में सघन सम्पर्क के पहले दिन भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टण्डन, अजा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष विष्णु भारती सहित अनुसूचित जाति मोर्चा कार्यकर्ताओं ने नगर के विभिन्न वार्डों में पहुँचकर द्वारा बस्तियों में संपर्क किया। भाजपा जनों ने भृमण संपर्क के साथ ही आगामी कार्ययोजना को लेकर जिला कार्यालय में अजा कार्यसमिति की बैठक आयोजित की। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टण्डन ने कहा भाजपा सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के मूलमंत्र को लेकर चलने वाली पार्टी है। अनुसूचित जाति के लोगों का सम्मान उनके अधिकार भाजपा में ही सुरक्षित है। अनुसूचित जाति मोर्चा के कार्यकर्ता सरकार की योजनाओं को हर वर्ग तक पहुंचाएं, अंतिम छोर के व्यक्तियों तक लाभ पहुचाने का कार्य करें। प्रदेश उपाध्यक्ष विष्णु भारती ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि मोर्चा के कार्यकर्ता अनुसूचित जाति की बस्तियों में संपर्क करके केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार की उपलब्धियों, बाबा साहेब के सम्मान में किए गए कार्यों व गरीब कल्याण की योजनाओं को जन-जन को बताएं तथा अनुसूचित जाति की बस्तियों में स्थित समस्याओं का संकलन कर समाधान का प्रयास करें। इस अवसर पर जिला महामंत्र राजेश चौधरी, जिला उपाध्यक्ष मृदुल द्विवेदी, अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष संतराम रैदास सहित मोर्चा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

ग्राम भिड़की निवासी टर्रू भूमिया को मिला कब्जा

कटनी,यशभारत। ग्राम कुंआ तहसील बहोरीबंद जिला कटनी निवासी टर्रू पिता समनुवा भुमिया की कुंआ स्थित भूमि खसरा नंबर 16/1 रकवा 1.00 है0 भूमि का कब्जा बुधवार को दिलाया गया। विदित हो कि टर्रू पिता समनुवा भुमिया द्वारा 20 दिसंबर मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर अवि प्रसाद के समक्ष पहुंचकर कब्जा दिलाने हेतु आवेदन दिया गया था। जिसपर कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा तहसील बहोरीबंद को प्रकरण मे कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। तहसीलदार बहोरीबंद द्वारा बताया गया कि न्यायालय तहसीलदार बहोरीबंद के राजस्वव प्रकरण में विगत दिवस कार्यवाही करते हुए आवेदक की ग्राम कुंआ स्थित भूमि से अनावेदकगणों फूला बाई पति बिहारी लाल भुमिया, महेश, रमेश, गनेश, संजू पिता बिहारी एवं विजय कुमर पिता भगत सिंह, शांति बाई बेवा बुद्धूलाल को बेदखल कर टर्रू पिता समनुवा भुमिया को कब्जा दिलाया गया है।

अब गोताखोर के लिए मुम्बई-कोलकाता या उड़ीसा पर पर नहीं रहना पड़ेगा निर्भर

एसडीईआरएफ कटनी के दो जवान गोवा में ले रहे गोताखोरी का प्रशिक्षण

कटनी,यशभारत। कलेक्टर अवि प्रसाद ने बताया कि कटनी जिले में नदी.. खदानों, नहरों एवं तालाबों इत्यादि में डूबने की अत्यधिक घटनाएं होती रहती है तथा जिले में उक्त घटनाओं में खोज एवं बचाव हेतु डीप डायवर (गोताखोर) उपलब्ध नहीं है, जिससे डीप डायवर हेतु अन्य जिलों पर निर्भर रहना पड़ता है। इस कमी को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जिले के एसडीईआरएफ के दो जवानों अक्षय पाण्डेय एवं सचिन दुबे को दिनाक 19 दिसंबर से 10 दिवसीय प्रशिक्षण हेतु स्पेशल रेस्क्यू ट्रेनिंग एकेडमी गोवा भेजा गया है। जिले में ही डीप डायवर (गोताखोर) उपलब्ध होने से अन्य जिलों पर निर्भरता समाप्त होगी। प्रशिक्षण के दौरान जवानों को प्रारंभिक स्तर पर उपकरणों के उपयोग के संबंध में जानकारी दी जाकर अभी तक 20-25 फिट तक डीप डायविंग का प्रशिक्षण सफलता पूर्वक प्रदाय किया जा रहा है। डीप डायविंग के दौरान यदि कम्युनिकेशन सर्विस में फाल्ट आता है तो रोप सिग्नल के माध्यम से सिग्नल प्राप्त करने आदि की सिखलाई भी दी गई है जिससे खतरा भापने पर डीप डायवर तथा एटेण्डर के बीच संवाद स्थापित हो सके। आगामी दिनों में डार्क पानी गहरी नदी इत्यादि में अभ्यास कराया जावेगा तथा ऊँचे पुल से रोप लेडर के माध्यम से नीचे उतरने का अभ्यास तथा समुद्र में सर्चिंग आपरेशन चलाये जाने का अभ्यास भी कराया जायेगा। डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेंट राजेश शर्मा द्वारा प्रगति रिपोर्ट निरंतर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे जवानों एवं एकेडमी से प्राप्त की जा रही है।

एक बार फिर कटनी से गुजरी काशी तमिल समागम ट्रेन

कटनी। काशी तमिल संगमम ट्रेन उपरोक्त जानकारी अनुसार कटनी सेअलग अलग दिनों में मुख्य रेलवे स्टेशन से गुजरेंगी। निर्धारित तिथि एवम समय पर सभी कार्यकर्ताओं से स्वागत करने, जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टण्डन ने आह्वान किया है। आज प्रातः भी एक ट्रेन कटनी से होकर गुजरी जिसका स्वागत भाजपा नेताओं के द्वारा किया गया। जिलाध्यक्ष दीपक सोनी ने कहा कि काशी तमिल संगमम ट्रेन द्वारा एक भारत श्रेष्ठ भारत की संकल्पना को साकार कर रहे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दक्षिण भारत से काशी विश्वनाथ तक ट्रेन के माध्यम से एक दूसरे की संस्कृति व सभ्यता को प्रत्येक भारतवासी को समझाने का सुयोग्य प्रयास किया है। इस यात्रा में लोगों का उत्साह देखने काबिल है। इस क्रम में आज प्रातः 9.30 पर कटनी के मुख्य रेलवे स्टेशन से होकर गुजरी ट्रेन का भाजपा जिलाध्यक्ष श्री सोनी के साथ समस्त ज्येष्ठ श्रेष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं व सामाजिक संगठनों रेल अधिकारियों के साथ यात्रियों का स्वागत किया गया।ट्रेन क्रमांक 12390, में इन ट्रेनों में आरंभिक 03 डिब्बे एसी के लगते हैं जिनमे काशी तमिल संगमम यात्रा के समस्त यात्री यात्रा कर रहे हैं। आज इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक सोनी, महामंत्री चेतन हिंदूजा, उपाध्यक्ष मृदुल द्विवेदी, सत्यव्रत त्रिपाठी, ललित जायसवाल,अम्बरीष वर्मा, आशुतोष शुक्ला, मण्डल अध्यक्ष मनीष दुबे, सन्दीप दुबे, यज्ञदत्त मिश्रा, पारस जैन,, रणवीर कर्ण, अजय माली, संकल्प तिवारी, संकल्प अग्रवाल, शांतनु दत्ता, रेशु टुडहा आदि उपस्थित थे। साथ ही रेलवे के अधिकारी गणों स्टेशन प्रबंधक कॉमर्शियल नावेद सिद्दीकी, टीआई आरपीएफ अनिल दीक्षित,एवम उनका स्टॉफ ,उप स्टेशन प्रबंधक नरेंद्र सिंह राठौर, कल्पना, नितिन, देवेंद्र मनीष तथा रेलवे स्टॉफ की उपस्थिति थी।

इंग्लैंड की हुई चांदी, नीलामी में ये 3 प्लेयर्स ही ले गए 48 करोड़ रुपए

कोच्ची, ईएमएस। कोच्चि में शुक्रवार को हुई आईपीएल 2023 की नीलामी में सभी 10 फ्रेंचाइजियों ने इंग्लैंड पर खिलाड़ियों पर खूब पैसा लुटाया। नीलामी के दौरान कुल 164.50 करोड़ रुपए खर्च हुए जिसमें 48 करोड़ तो 3 इंग्लिश खिलाड़ी ही ले गए। इस दौरान हरफनमौला सैम करन ने सर्वाधिक 18.50 करोड़ रुपए कमाए। इसी के साथ करन आईपीएल के इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए हैं. उन्होंने इस मामले में विराट कोहली और केएल राहुल जैसे दिग्गज खिलाड़ियों को पछाड़ा है। मिनी ऑक्सन में इंग्लैंड 8 खिलाड़ी ही बिके जिसमें तीन खिलाड़ी मिलकर 48 करोड़ रुपए की कमाई कर गए। टी20 वर्ल्ड कप 2022 के मैन ऑफ द टूर्नामेंट रहे सैम करन पर नीलामी से पहले ही हर किसी टीम की निगाहें थी इस वजह से पंजाब किंग्स के अलावा मुंबई इंडियंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर, राजस्थान रॉयल्स, चेन्नई सुपर किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स जैसी टीमों ने भी उनपर जमकर बोलियां लगाई। हालांकि अंत में 18.50 करोड़ रुपए की बोली लगाकर बाजी करन की पुरानी टीम पंजाब ने ही मारी।

बेन स्टोक्स भी हुए मालामाल

सैम करन के बाद हर किसी की निगाहें बेन स्टोक्स पर थी। स्टोक्स किसी भी टीम में एक ऑलराउंडर की कमी पूरी करने के साथ लीडरशिप का रोल भी अदा कर सकते हैं। 2 करोड़ के बेस प्राइज के साथ राजस्थान रॉयल्स ने इस खिलाड़ी की नीलामी का आगाज किया जिसके बाद आरसीबी एलएसजी और एसआरएच ने भी अपने हाथ आजमाएं। जब नीलामी 15 करोड़ पर पहुंची तो सीएसके की एंट्री हुई और धोनी की टीम ने 16.25 करोड़ रुपए में इस हरफनमौला को अपनी टीम में शामिल किया। स्टोक्स की यह आईपीएल में अभी तक की सबसे मोटी कमाई है। IPL इतिहास का सबसे महंगा खिलाड़ी बनने के बाद आया सैम करन का बयान, कहा मुझे उम्मीद नहीं। हैरी ब्रूक्स सैम करन और बेन स्टोक्स ने मिलाकर इस नीलामी में कुल 48 करोड़ रुपए कमाए। इसकेअलावा और इंग्लिश खिलाड़ियों की करोड़ों रुपए की कमाई हुई। जो रूट को राजस्थान ने 1 करोड़ में खरीदा। वहीं फिल सॉल्ट को दिल्ली ने 2 करोड़ में अपनी टीम में शामिल किया। रीस टॉपली 1.9 करोड़ और दिल जैन्स 3.2 करोड़ रुपए में आरसीबी में गए, वहीं आदिल रशिद को 2 करोड़ में हैदराबाद ने इंग्लैंड के कुल 8 खिलाड़ी इस नीलामी में बिके जिन्होंने कुल 58 करोड़ रुपए से अधिक रुपए कमाए। आईपीएल 2023 की नीलामी में सभी 10 फ्रेंचाइजियों में इंग्लैंड पर खिलाड़ियों पर खूब पैसा लुटाया। नीलामी दौरान कुल 164.50 करोड़ रुपए खर्च हुए जिसमें 48 करोड़ तो 3 इंग्लिश खिलाड़ी ही ले गए।

केएल राहुल का फ्लॉप शो जारी, सोशल मीडिया पर फैंस लगा रहे हैं क्लास

मीरपुर, एजेंसी। बांग्लादेश के खिलाफ मीरपुर में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट में टीम इंडिया के ओपनर बल्लेबाज केएल राहुल एक बार फिर फ्लॉप साबित हुए। खेल के दूसरे दिन राहुल अपनी पारी में सिर्फ 7 रन जोड़ पाए और तैजुल इस्लाम की गेंद पर एलबीडब्ल्यू हो गए। बांग्लादेश दौरे पर राहुल अब तक तीन पारियों को मिलाकर सिर्फ 45 रन बना सके हैं। राहुल के इस निराशाजनक बल्लेबाजी के बाद वह सोशल मीडिया पर अब खूब ट्रोल हो रहे हैं। इससे पहले भी राहुल की बल्लेबाजी को लेकर कई तरह के सवाल उठ रहे थे। टेस्ट फॉर्मेट में राहुल आखिरी बार दिसंबर 2021 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ शतकीय पारी खेली। इसके बाद से वह लगातार तीनों फॉर्मेट में रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। वहीं बांग्लादेश के खिलाफ राहुल टेस्ट सीरीज में रोहित शर्मा की जगह कप्तानी भी कर रहे हैं। वहीं बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में 10 रन पर आउट होने के बाद सोशल मीडिया पर उन्हें लेकर कई तरह के रिएक्शन आ रहे हैं

सीरीज के पहले मैच में भारत को मिली थी जीत

बांग्लादेश दौरे पर टीम इंडिया को तीन वनडे सीरीज के अलावा दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी थी। वनडे सीरीज में मेजबान टीम ने भारत को 2-1 से मात दी लेकिन टेस्ट में टीम इंडिया ने दमदार वापसी करते हुए पहले मैच को अपने नाम किया। ऐसे में अब उसकी कोशिश होगी कि वह दूसरे मुकाबले में भी जीत हासिल कर सीरीज को 2-0 से अपने नाम करें।

काम देने के बहाने ऑफिस बुलाया और फिर... मराठी एक्ट्रेस ने लगाए साजिद खान पर यौन उत्पीड़न के आरोप

मुंबई, एजेंसी। बिग बॉस 16 के कंटेस्टेंट और फिल्ममेकर साजिद खान पर कई आरोप लगे। अब एक और एक्ट्रेस ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया गया है। मराठी एक्ट्रेस जयश्री गायकवाड़ ने वीडियो जारी कर कहा है कि साजिद खान ने उनसे गंदी बातें कीं। भद्दे कमेंट्स किए। अब वो वीडियो सामने आया है। च्हाउसफुलज और च्हे बेबीज जैसी फिल्में बना चुके बॉलीवुड डायरेक्टर साजिद खान इस समय बिग बॉस 16 में हैं। वह वहां बतौर कंटेस्टेंट गेम खेल रहे हैं। इनके इस शो का हिस्सा बनने पर कइयों ने सवाल खड़े किए थे। स्ल्ज्ञशश के आरोपी होने की वजह से शर्लिन चोपड़ा ने तो केस भी कर दिया था और मांग की थी इनको शो से फौरन बाहर निकाला जाए। हालांकि ऐसा कुछ हुआ नहीं, जितनी बार भी वह नॉमिनेट हुए, उतनी बार वोटिंग लाइन्स ही बंद कर दी गई। खैर। अब इन पर एक और एक्ट्रेस ने यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। बताया है कि कैसे काम के बहाने वह उनसे फेवर मांग रहे थे। मराठी एक्ट्रेस जयश्री गायकवाड़ ने साजिद खान पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। जयश्री ने एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो में वह कहती हैं, च्आठ साल पहले एक कास्टिंग डायरेक्टर मुझे एक पार्टी में ले गए थे। वहां मुझे साजिद खान से मिलाया गया। मैं साजिद खान से मिलकर बहुत खुश हुई। साजिद खान ने मुझे अगले दिन अपने ऑफिस बुलाया। उसने

कहा कि वह कोई फिल्म बना रहे हैं और शायद उसमें मेरे लिए कोई रोल निकले। मैं जैसे ही उसके ऑफिस गई, वह मुझे यहां-वहां छूने करने लगा और अश्लील कमेंट करने लगा। एक्ट्रेस जयश्री ने आगे बताया, च्साजिद ने मुझसे कहा कि तुम तो बहुत खूबसूरत हो लेकिन मैं तुम्हें काम क्यों दूं। फिर मैंने उससे कहा कि आपको क्या चाहिए सर। मैं अच्छी एक्टिंग कर सकती हूं। फिर उसने कहा कि एक्टिंग से काम नहीं चलता है। जो मैं बोलूंगा, जो मैं कहूंगा, वह तुम्हें करना होगा। मुझे बहुत गुस्सा आया। उस समय लगा कि मैं उसका मर्डर कर दूं या कुछ और कर दूं। फिर मैं वहां से निकल आई। बता दें कि साजिद खान पर उनकी एक्स असिस्टेंट सलोनी चोपड़ा ने अरोप लगाया था। इसके अलावा जर्नलिस्ट करिश्मा उपाध्याय ने भी अश्लील बातें करने और बदतमीजी करने का आरोप लगाया था। डिंपल पॉल, एक्ट्रेस आहना कुमरा, एक्ट्रेस मंदाना करीमी, एक्ट्रेस-मॉडल शर्लिन चोपड़ा, दिवंगत एक्ट्रेस जिया खान और एक्ट्रेस सिमरन सूरी भी पीड़िता की लिस्ट में शामिल हैं। सभी ने अपनी तरफ से फिल्ममेकर के खिलाफ सबूत भी पेश किए थे, जिसके बाद उन्हें कुछ समय के लिए इंडस्ट्री से बैन कर दिया गया था। अब वह सीधे बिग बॉस 16 में दिखाई दिए हैं।

लड़का थी, लेकिन शौक लड़कियों वाले, ब्रेस्ट इम्प्लांट कराकर ट्रांसजेंडर बनीं, मुंबई के बार में डांस किया, श्रीदेवी-रणबीर कपूर जैसे स्टार्स के साथ फिल्में कीं

मुंबई, एजेंसी। कई फिल्मों में नजर आ चुकीं नैरी सिंह, जो कभी नरेंद्र सिंह नाम का लड़का थीं। नैरी सिंह ट्रांसजेंडर हैं। नरेंद्र से नैरी बनने की कहानी काफी घुमावदार है, जो मध्य प्रदेश के पन्ना जिले से शुरू होकर मुंबई, दुबई और फिर मुंबई आती है। मप्र के पन्ना में जन्मे नरेंद्र सिंह का शरीर तो लड़कों वाला था, लेकिन आदतें और शौक लड़कियों के थे। ये ही शौक इन्हें डांस की तरफ ले गया। जब घरवालों और रिश्तेदारों ने एक राजपूत लड़के को लड़की की तरह डांस करते देखा तो पाबंदियां लगने लगीं। 17 साल के नरेंद्र पन्ना से भाग कर मुंबई आ गए। कुछ दिनों तक पेट पालने का संघर्ष चलता रहा। झाड़ू-पोछा जैसे काम भी किए। फिर, मुंबई के डांस बार में नाचने का काम मिल गया। मनचाहा काम था, 100 रुपए रोज से देखते ही देखते 30 हजार रुपए रोज तक कमाई जा पहुंची। ब्रेस्ट इम्प्लांट करवाकर खुद को पूरी तरह लड़की जैसा दिखने वाला बना लिया, लेकिन कहानी यहीं नहीं खत्म होती। मुंबई के बार से दुबई के बार तक में डांस किया। फिर मुंबई आकर फिल्मों में काम किया। फिल्मों में काम करने के दौरान ही अपना नाम रखा नैरी सिंह। आज नैरी कई बड़ी फिल्मों का हिस्सा हैं। इसमें श्रीदेवी की मॉम और रणबीर कपूर की तमाशा जैसी फिल्में भी शामिल हैं। कई नए प्रोजेक्ट्स हाथ में हैं।

घर की सबसे लाडली रही

मेरा जन्म पन्ना, मध्य प्रदेश के राजपूत फैमिली में हुआ। पन्ना को डायमंड सिटी के नाम से भी लोग जानते हैं, क्योंकि यहां से डायमंड निकलता है। मेरे पिता एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट में डिप्टी डायरेक्टर थे। फैमिली में हम चार भाई और तीन बहन थे और सभी में मैं सबसे छोटी हूं। यही वजह है कि मेरी परवरिश बहुत अच्छे और लाड-प्यार में हुई। मम्मी हाउस वाइफ थीं। मेरे पापा ज्यादातर बाहर रहते थे इसलिए मैं मम्मी से ज्यादा अटैच्ड थी। मुझसे पांच साल ब?ी बहन थी, वो भी मुझे बच्चों की तरह ट्रीट करती थी।

पैसे चुराकर श्रीदेवी की पिक्चर की रिकॉर्डिंग खरीदती थी

बचपन से श्रीदेवी की बहुत बड़ी फैन रही हूं। हमेशा उनका डांस, कॉस्टयूम, मेकअप आदि को फॉलो किया है। पिताजी के पास से पैसे चुराकर श्रीदेवी की पिक्चर देखती थी और उसकी रिकॉर्डिंग खरीदती थी। हिम्मतवाला, मवाली, तोहफा, सदमा ऐसी कोई पिक्चर नहीं, जिसकी रिकॉर्डिंग न खरीदी हो। उस समय मेरे पिताजी ने मेरे बर्थडे में टेप रिकॉर्डर गिफ्ट किया था, उस समय कैसेट चला-चलाकर पहाड़ों पर नाचती थी क्योंकि धीरे-धीरे घर में नाचने पर ऑब्जेक्शन शुरू हो गया था।

लड़का थी, लेकिन शौक सभी लड़कियों वाले रहे

मैं बचपन से डांसर हूं जबकि हमारे खानदान में दूर-दूर तक कोई डांसर नहीं था। मैंने बचपन से लड़कियों वाले सारे काम किए हैं। मैं अपने भाइयों से नहीं बल्कि मां और बहनों से ज्यादा क्लोज थी इसलिए बहनों के खाना बनाने से लेकर साफ-सफाई करने और कपड़े पहनने को ऑब्जर्व करती थी। बचपन में जब डांस करती थी, तो उस समय सभी लोगों ने एप्रिशिएट किया, लेकिन जैसे-जैसे उम्र बढ़ती गई, स्कूल छोड़कर कॉलेज में पहुंची तब लोगों को इससे प्रॉब्लम होनी शुरू हो गई।

फर्स्ट डे, फर्स्ट शो में फुस्स हुई सर्कस, ओपनिंग डे पर रोहित शेट्टी का करतब बेदम

मुंबई, एजेंसी। रोहित शेट्टी की फिल्म सर्कस इस शुक्रवार रिलीज हो चुकी है और पहले ही दिन इसे बॉक्स ऑफिस पर अवतार 2 और दृश्यम 2 से कड़ी टक्कर मिल गई। फिल्म में रणवीर सिंह समेत दर्जनभर स्टार्स हैं, बावजूद इसके पहले दिन कुछ खास रिस्पॉन्स नहीं मिला। रोहित शेट्टी की सर्कस बॉक्स ऑफिस पर हुई रिलीज पहले ही दिन अवतार 2 और दृश्यम 2 से टक्कर मॉर्निंग शोज में रहा बुरा हाल, 8-10 करोड़ होगी कमाई रोहित शेट्टी की फिल्म सर्कस क्रिसमस के मौके पर थिएटर्स में रिलीज हुई है। चूंकि फेस्टिव वीकेंड है और यह साल की आखिरी बॉलीवुड फिल्म भी है, ऐसे में अनुमान लगाया जा रहा था कि यह अच्छी कमाई कर सकती है। लेकिन ओपनिंग डे पर सर्कस का बुरा हाल देखने को मिला है। बॉलीवुड ने गंगूबाई काठियावाड़ी के साथ इस साल की धमाकेदार शुरुआत की थी और कयास लगाए जा रहे थे कि सर्कस इसका धमाकेदार अंत करेगी। लेकिन ऐसा होता नहीं दिख रहा है। 23 दिसंबर को रिलीज हुई सर्कस का मॉर्निंग शोज में

बुरा हाल रहा है। पहले ही दिन सर्कस को अवतार 2 और दृश्यम 2 से बॉक्स ऑफिस पर टक्कर मिल गई। फिल्म की ऑक्युपेंसी भी काफी कम रही। अनुमान लगाया जा रहा है कि Cirkus ओपनिंग डे पर 8 से 10 करोड़ रुपये ही कमा पाएगी। एक तो फिल्म की मॉर्निंग शोज में ऑक्युपेंसी काफी कम रही है और दूसरी बात इसकी एडवांस बुकिंग भी कुछ खास अच्छी नहीं रही थी। अनुमान के मुताबिक, सर्कस के सिर्फ 32 हजार ही टिकट बिके, जबकि 70 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म को 3200 स्क्रीन्स पर रिलीज किया गया है और देशभर में तकरीबन 10 हजार शोज हैं।

दर्शकों को पसंद नहीं आई सर्कस

फिल्म में रणवीर सिंह डबल रोल में हैं तो पूजा हेगड़े, जैकलीन फर्नांडिस, संजय मिश्रा, जॉनी लीवर, सिद्धार्थ जाधव, मुरली शर्मा जैसे कई दमदार कॉमिक कलाकार भी हैं। बावजूद इसके रोहित शेट्टी की यह कॉमिक केपर दर्शकों को पहले दिन थिएटर्स में नहीं खींच पाई है। और जो लोग फिल्म को देखने थिएटर्स में पहुंचे, उन्हें यह खास पसंद नहीं आई है।

गोवा की धमाकेदार जीत, मेजबान रादुविवि भी क्वालीफाइंग दौर में

जबलपुर, यशभारत। पश्चिम क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय फुटबॉल पुरुष प्रतियोगिता के पांचवें दिन शिवाजी मैदान में गोवा विरुद्ध उदयपुर के बीच खेले गए मैच में गोवा 5-0 से धाकड़ जीत दर्ज कराकर क्वालीफाइंग दौर में प्रवेश किया। आज प्रतियोगिता के क्वालीफाइंग मैच खेले जा रहे है। पहला क्वालीफायर मैच आरडीवीवी जबलपुर विरुद्ध जीजीटीयू बांसवाड़ा दूसरा क्वालीफाइंग कोटा विश्वविद्यालय विरुद्ध राजस्थान विश्वविद्यालय तीसरा मैच एल एन आई पी ग्वालियर विरुद्ध अमरावती चौथा मैच गोवा विरुद्ध सावित्रीबाई फुले विश्वविद्यालय पुणे के मध्य खेले जाएंगे। मैच के दौरान मंचासीन मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश ओलंपिक संघ के सचिव दिग्विजय सिंह साइंस कॉलेज प्राचार्य प्रोफ़ेसर एलएन महोबिया प्रोफ़ेसर एस के साहू एवं शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रोफेसर विशाल बन्ने आदि मंचासीन रहे मंचासीन अतिथियों द्वारा दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय कराया गया। परिचय के दौरान ओमकार दुबे डॉ रमेश शुक्ला हरीश दुबे मोइन खान संजय कुमार सुरेश रजक जुगल किशोर मेवारी राजेश पात्रों डॉ अलका तिवारी आदि उपस्थित रहे आज खेले गए मैचों के परिणाम इस प्रकार है कोटा विश्वविद्यालय ने आरटीएम नागपुर को 2-0 से बांसवाड़ा विश्वविद्यालय में अलवर विश्वविद्यालय को 2-0 से एल एन आई पी ग्वालियर ने कोल्हापुर को 1-0 से एवं गोवा विश्वविद्यालय ने उदयपुर को 3-0 पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया।

राज्य स्तरीय पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता

इंदौर, भोपाल, छिंदवाड़ा अंतिम चार में

जबलपुर, यशभारत। मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के खेल कैलेंडर अनुसार राज्य स्तरीय अंतर विवि पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का रानी दुर्गावती खेल परिसर में आयोजन किया जा रहा है। इंदौर विरुद्ध सागर के मध्य खेले गए मैच में इंदौर विश्वविद्यालय विजय रहा। दूसरा मैच ग्वालियर एवं भोपाल के मध्य खेला गया जिसमें भोपाल संभाग विजय रहा एवं तीसरे मैच में छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय ने रीवा विश्वविद्यालय को पराजित कर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

मुख्य अतिथि श्री अजय यादव सचिव एम आई एल रक्षा मंत्रालय शुभम श्रीवास्तव चेयरमैन वेस्ट जोन महाराष्ट्र भवानी सिंह राजपूत कुलसचिव डॉक्टर बृजेश सिंह अतिरिक्त संचालक जबलपुर ओ एच डी प्रोफ़ेसर पवन शंकर तिवारी रहे मंचासीन अतिथियों का स्वागत डॉ रमेश शुक्ला डॉक्टर सुनील दत्त लखेरा ओमकार दुबे जुगल किशोर मेवारी एवं प्रोफेसर विशाल बनने द्वारा किया गया राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 6 संभाग भाग ले रहे हैं। मैचों में निर्णायक के रूप में सानू यादव पुष्पा रघुवंशी मनजीत सामल, प्रमोद यादव पुष्पेंद्र पांडे आदि की सराहनीय भूमिका रही प्रतियोगिता को सफल बनाने में डॉक्टर मनीष मिश्रा डॉ आशीष पांडे श्री सुदर्शन ठाकुर हेमंत शर्मा एलएन रजक डॉक्टर शालिनी यादव डॉ नेहा तिवारी आदि का सहयोग रहा।

16 गोलबाजार कप 2022-23

जे. पी. क्रिकेट एकेडमी विजयी

जबलपुर,यशभारत। महाकौशल शहीद स्मारक ट्रस्ट, वर्धमान स्पोर्ट्स, सिमराज स्पोर्ट्स और गोलबाजार क्रिकेट एकेडमी के तत्वावधान में गोलबाजार क्रिकेट मैदान पर खेली जा रही 16 गोलबाजार कप 2022-23 में जे. पी. क्रिकेट एकेडमी विजयी रही। नर्मदा क्रिकेट एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी की जिसमें जे. पी. क्रिकेट एकेडमी ने बल्लेबाज़ी करते निर्धारित 30ओवरों में 7 विकेट 292 रन बनाए जिसमें शुभम तिवारी ने शानदार 108 रन बनाए शांतनु तिवारी 82 रन यश सोनी 31, राघव 28 रन बनाए नर्मदा क्रिकेट एकेडमी ने गेदबाजी में अनिका राय, यश रजक, मोहनीश 2- 2 विकेट लिए जवाबी पारी में नर्मदा क्रिकेट एकेडमी ने 28.5ओवरों में सभी विकेट खोकर 161 रन बनाए जिसमें लक्ष्य मिश्रा ने 100* नॉट आउट और नर्मदा का कोई भी खिलाड़ी दहाई अंक मे भी नहीं पहुंचा जे. पी. क्रिकेट एकेडमी की गेंदबाज़ी में प्रिंस, शांतनु तिवारी, शुभम तिवारी ने 2-2 विकेट लिए यश सोनी, विनय यादव 1-1 विकेट लिए यह मैच जे. पी. क्रिकेट एकेडमी ने 131रन से मैच जीता, मैच में निर्णायक की भूमिका में अंकित यादव, रुद्राक्ष सोनी और स्कोरर प्रगुण पांडे, अभय केसरवानी रहे, मैच के मुख्य अतिथि शिक्षा विभाग अतुल मिश्रा जी, एमपीसीए से जबलपुर सबसेंटर कोच शशांक कोस्टा जी और अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत जबलपुर महानगर के सचिव संजय मिश्रा के द्वारा मैन ऑफ द मैच लक्ष्य मिश्रा को दिया गया गोलबाजार क्रिकेट एकेडमी के पदाधिकारी उपाध्यक्ष अंकित यादव जी, अंकित मिश्रा जी उपस्थित रहे, प्रतियोगिता का अगला मैच हिमालयन क्रिकेट एकेडमी और जहांगीराबाद क्रिकेट एकेडमी के मध्य 24/12/2022 को सुबह 9.30 में खेला जाएगा।

क्रिसमस के लिए सजे गिरजाघर

आज रात्रि क्रिसमस सेलीब्रेशन के लिए शहर के गिरजाघर सज गए हैं। मेनरोड स्थित फिलिप एंड जेम्स चर्च में विद्युत की अलौकिक साज सजावट की झलक देखते ही बन रही है। रात्रि में यहां प्रभु ईशु का जन्मदिवस मनाया जाएगा।

थाने का घेराव व चकाजाम के बाद पुलिस अधीक्षक ने की कार्रवाई

स्कूली छात्राओं से अभद्रता के आरोपी आरक्षक लाइन हाजिर

कटनी/रीठी, यशभारत। रीठी थाना अंतर्गत वाहन चेकिंग के दौरान आटो में सवार स्कूली छात्राओं के साथ अभद्रता करने के आरोपी आरक्षकों धर्मेन्द्र पटेल व धर्मेन्द्र यादव को पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन ने लाइन अटैच कर दिया है। इसके पूर्व कल शुक्रवार को रीठी थाना क्षेत्र में मॉडल व एक्सीलेंस स्कूल की छात्राओं से अभद्रता करने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई न होने से नाराज छात्राओं ने थाना का घेराव कर दिया था। छात्राएं पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर अड़ गई थी। इस दौरान थाना प्रभारी सतीश तिवारी ने छात्राओं को समझाइश दी लेकिन वे नहीं मानीं। यहां प्रदर्शन के बाद छात्राओं ने रीठी बायपास पर चकाजाम कर दिया। इस दौरान जनपद अध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी छात्राओं के समर्थन में मौजूद थे। चकाजाम के दौरान छात्राओं व जनप्रतिनिधियों ने कहा कि जब तक पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई नहीं की जाएगी तब तक चकाजाम जारी रहेगा। इस दौरान छात्राओं ने पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए लिखित शिकायत फिर थाना प्रभारी को सौंपी गई। गौरतलब है कि गुरुवार को बड़ी संख्या में छात्राएं रीठी थाना पहुंची थीं। कक्षा दसवीं की छात्रा ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया था कि बुधवार को जब वे आटो से अपने घर जा रहीं थीं तभी थाने में पदस्थ चालक धर्मेन्द्र पटेल व आरक्षक धर्मेन्द्र यादव ने आटो रोककर छात्राओं से अभद्रता की। गाली-गलौज व छेड़छाड़ करते हुए धमकाया है। छात्राओं ने पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई करने के लिए आवेदन दिया था।

महंगी चीजों पर बड़ी छूट का झांसा देकर ठगी का शिकार बना रहे साइबर ठग

कटनी, यशभारत। यदि आप भी नए साल पर देश के किसी पर्यटन स्थल या विदेश की सैर पर जाने का मन बना रहे हैं तो सावधान हो जाएं। साइबर ठगों ने इसका फायदा उठाकर फिशिंग का जाल बिछाना शुरू कर दिया है। वे सोशल नेटवर्किंग साइट्स और सर्च इंजन पर कम कीमत पर लुभावने टूर पैकेज ऑफर कर रहे हैं। ठगी के लिए महंगी चीजें कम कीमत पर उपलब्ध कराने का झांसा भी दे रहे हैं। प्रदेश में कई जगहों पर ठगी के ऐसे मामले सामने आने के बाद स्टेट साइबर सेल ने एडवाजरी जारी कर लोगों को सतर्क रहने के लिए कहा है। कई बड़ी कम्पनियां टूर पैकेज भी फाइनेंस करती हैं। इसके तहत लोग किश्तों (इंस्टॉलमेंट) में यह रकम चुका सकते हैं। इसका फायदा उठाकर साइबर ठग सोशल नेटवर्किंग साइट्स और सर्च इंजन में ऐसे लोगों को निशाना बना रहे हैं, जिन्होंने नए साल में टूर पर जाने की योजना बनाई है। यदि कोई व्यक्ति सोशल नेटवर्किंग साइट पर टूर सर्च करता है तो इसकी जानकारी साइबर ठगों को मिल जाती है। इसके बाद वे संबंधित आइडी पर मैसेज भेजना शुरू कर देते है। उनके द्वारा दिए गए नंबर पर कॉल करने पर वे कम से कम कीमत पर टूर पैकेज देने का झांसा देते हैं। जब तक पीड़ित को यह पत चलता है, उसके खाते से रकम निकाल ली जाती है।

साइबर सेल ने जारी की एडवाइजरी, लोगों को सावधान रहने की जरूरत

विज्ञापन भी हो रहे वायरल

साइबर ठग सस्ते दाम पर महंगी चीजें बेचने के विज्ञापन भी वायरल कर रहे हैं। इसमें उनका मोबाइल नंबर भी होता है। विज्ञापन में दिए गए नंबर पर कॉल करने पर फोन को हैक कर लेते हैं। फिर उसके जरिए यूपीआई से रकम अपने खाते में ट्रांसफर कर लेते हैं।

इनका कहना है

नए साल में लोग देश-विदेश की यात्रा पर जाते हैं। इसके पूर्व वे सर्च इंजन पर चीजें देखते हैं। इसी का फायदा उठाकर साइबर ठग फिशिंग कर रहे हैं। लोगों को सावधान रहने की जरूरत है।

-सुनील कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक,

महिलाओं के इलाज के लिए लगेगा मेडिकल कैम्प

तीनों नगर पंचायत क्षेत्रों में अंतिम संस्कार के लिए निःशुल्क मिलेगी लकड़ी

विजयराघवगढ़ के विकास के लिए ग्रामीण सड़कों का भूमिपूजन

उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए बच्चे इंदौर, भोपाल, नागपुर, दिल्ली जाना चाहते हैं तो मुझे होगी खुशी

कटनी,यशभारत।विजयराघवगढ़ में विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने विभिन्न स्थानों पर विकास कार्यों का भूमिपूजन किया।उन्होंने बहनगवां से कुंदरेही एबकेली से सिघनपुरा सिनगौड़ी पहुंच मार्ग, खिरवा नंबर-1 से चहला टोला मार्ग, खिरवा नंबर-1 में सामुदायिक भवन के निर्माण की आधारशिला रखी।

विधायक संजय पाठक ने कहा कि विजयराघवगढ़ की जनता ने मुझे निरंतर अपना स्नेह प्रेम, आशीर्वाद और समर्थन दिया है। इसी का नतीजा है कि आज हम विधानसभा क्षेत्र को विकास की दिशा में सर्वोच्च स्थान पर पहुंचाने में पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं विजयराघवगढ़ चहुंमुखी विकास का जो अपना लक्ष्य है उसे हासिल करने की दिशा में हम तीव्र गति से आगे बढ़ रहे हैं। सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा की व्यवस्था कराने का प्रमुख काम विधायक का है। जो काम आपने कार्यकाल मैंने किया है। विधायक का दायित्व है विधानसभा की जनता के लिए शिक्षा की व्यवस्था करना है इसके लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से बोल कर विजयराघवगढ़, बरही में कालेज को सुव्यवस्थित किया गया है। मैने एक विचार बनाया है की विधानसभा की तीनों नगर पंचायत में मेरी ओर से शमशान में लकड़ी फ्री मिलेगी। जो बच्चे उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए इंदौर भोपाल, नागपुर दिल्ली जाना चाहते है तो मेरे को खुशी होगी मैंने ऐसे बच्चो का पूर्व में हर तरह का सहयोग किया है और आगे भी ये उच्च शिक्षा के लिए इंतजाम करूंगा। इसी वर्ष बरही में मेडिकल कैंप लगाकर 68 हजार लोगों का इलाज कराया है अब मेरा विचार सिर्फ नारी शक्ति यानी महिलाओं के लिए स्वास्थ्य सुविधा दिलाने वाला महिलाओं और बच्चों को हर तरह की बीमारियों के इलाज के लिए शीघ्र फ्री मेडिकल कैंप लगने वाला है जिसमें क्षेत्र की गरीब महिला शक्ति को देश के बड़े-बड़े डॉक्टरों के माध्यम से बीमारी का इलाज प्राप्त होगा। उन्होंने आगे कहा कि मैं सभी युवाओं से आव्हान करता हूं आप सब स्वरोजगार से जुड़े, क्षेत्र में ऐसे बहुत से युवा है जिन्होंने अपना अपना छोटा छोटा प्लांट लगाकर स्वरोजगार से व्यापार स्थापित किया है आज वें युवा रोजगार मांगने वाले नही दूसरों को रोजगार देने वाले है।

कांग्रेस सरकार में वादों के सिवा कुछ नहीं

आज विजयराघवगढ़ का हर क्षेत्र विकास की ओर आगे आग्रसर है। सड़क बिजली पानी से लेकर शिक्षा स्वास्थ्य और रोजगार से लेकर जनता की हर आवश्यकता पूरी करने के लिए हमारी भाजपा सरकार लगातार समर्पित है। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में हम अपने सभी विकास के लक्ष्यों को पूरा करेंगे। आज जिन सड़कों, सामुदायिक भवन का हम भूमिपूजन कर रहें है उनके निर्माण से जनता को सुविधाएं प्राप्त होगी ये काम भारतीय जनता पार्टी की सरकार में ही हो सकती है। कुछ साल पहले पंद्रह महीने की कांग्रेस सरकार गलती से आई थी। तब सिर्फ झूठ और झूठे वादे के अलावा जनता को कुछ नहीं मिला। श्री पाठक ने ग्राम बकेली में नदी के किनारे घाट निर्माण, नदी में आवागमन के लिए नाव के लिए पैसा, खेरदाई की मढिया में रंगमंच निर्माण, ग्राम कुंदरेही देवी मढिया के मैदान की तार फैंसिंग, रंगमंच की स्वीकृति, कृषि के लिए एक ट्रांसफार्मर को विधायक निधि से तत्काल स्वीकृति दी। इस मौके पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुधा कोल, उपाध्यक्ष उदयराज सिंह, प्रमोद सोनी, मनीष देव मिश्रा, जयवंत सिंह चौहान, ओमप्राश तिवारी, लेवलेश सिंह, नीलेंद्र सिंह, दशरथ कोल, मंतू निगम, दुर्गा चौधरी, सुनीता गुप्ता, कोडूलाल चौधरी, अभय पांडे, आनंद तिवारी सहित कई गणमान्य अतिथिगण मौजूद रहे।

मुड़वारा स्टेशन के समीप आधा दर्जन शूकरों के शव मिलने से हड़कंप

कटनी, यशभारत। अफ्रीकन स्वाइन फीवर का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार को मुड़वारा रेलवे स्टेशन के समीप आधा दर्जन से अधिक शूकरों के शव मिलने से फिर हड़कंप मच गया है। स्टेशन व अस्पताल समीप बड़ी संख्या में शव मिलने से स्थानीय लोग भी बीमारी को लेकर आशंकित हैं। मुड़वारा रेलवे स्टेशन के समीप बीती रात से ही करीब 8 शूकरों के शव पड़े हुए थे। जिसके बाद स्थानीय रेलवे कर्मचारियों ने इसकी सूचना नगर निगम को दी, जिसके बाद शुक्रवार सुबह नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची शूकर के शव उठवाए गए। गौरतलब है कि शहर में अफ्रीकन स्वाइन फीवर की शूकरों में पुष्टि होने के बाद पशु चिकित्सा विभाग ने दो वार्डों को चिन्हित कर शूकरों की मर्सी किलिंग शुरू की थी। 75 शूकरों की मर्सी किलिंग के बाद विभाग को बाड़े में शूकर न मिलने से कार्रवाई थम गई थी।

एसी कोच में सफर कर रही महिला से मैकेनिक ने की छेड़खानी

तीन बार चैन पुलिंग के कारण आधे घंटे मुड़वारा में खड़ी रही गोंडवाना एक्सप्रेस

कटनी, यशभारत।जबलपुर से हजरत निजामुद्दीन के बीच कटनी मुड़वारा स्टेशन होकर चलने वाली गोंडवाना एक्सप्रेस के एसी कोच में सफर कर रही एक महिला के साथ कोच के मैकेनिक द्वारा की गई छेड़खानी की घटना के बाद ट्रेन मुड़वारा स्टेशन में लगभग आधे घंटे तक खड़ी रही।इस दौरान ट्रेन की तीन बार जंजीर भी खींची गई।हालांकि मामला आरपीएफ से जुड़ा होने के कारण उसे रफादफा कर दिया गया।

जीआरपी का कहना है कि उनके पास छेड़खानी से संबंधित कोई शिकायत नहीं पहुंची है। बहरहाल इस संबंध में सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को जबलपुर से दिल्ली के लिए रवाना हुई गोंडवाना एक्सप्रेस के एसी कोच में सफर कर रही एक महिला ने ट्रेन के कटनी पहुंचने पर कोच के मैकेनिक पर छेड़खानी का आरोप लगाते हुए हंगामा मचाया। चूंकि महिला किसी आरपीएफ अधिकारी की रिश्तेदार थी, इसलिए आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान ट्रेन की तीन बार जंजीर खींची गई। जिसके कारण गोंडवाना एक्सप्रेस मुड़वारा स्टेशन में लगभग आधे घंटे तक खड़ी रही। वहीं इस मामले को लेकर जब आज जीआरपी व आरपीएफ दोनों से कार्रवाई के संबंध में जानकारी चाही गई तो रेलवे की दोनों ही सुरक्षा एजेंसियों ने पल्ला झाड़ते हुए यह कह दिया कि ऐसा कोई मामला उन तक नहीं पहुंचा है।

कोहरे में मददगार साबित हो रही फॉग सेफ्टी डिवाइस

कटनी, यशभारत। ट्रेनों के परिचालन में कोहरे की बाधा से निपटने के लिए रेलवे के द्धारा यात्री व माल गाड़ियों में फॉग सेफ्टी डिवाइस लगाने का काम तेज कर दिया गया है। साथ ही लोको पायलट को भी ठंड से उत्पन्न होने वाली समस्याओं को देखते हुए किट दिए जा रहे हैं। जिसमें डेटोनेटर और पटाखे भी शामिल हैं। उत्तर भारत में ठंड बढ़ने के साथ ही कोहरा भी घना होने लगा है। जिसका ट्रेनों के परिचालन में गंभीर असर पड़ता है। कोहरे से सबसे अधिक प्रभावित मानिकपुर-सतना और प्रयागराज सेक्शन होता है। इस रूट पर कई बार दिन में भी विजिबिलिटी न्यूनतम हो जाती है। इसे देखते हुए कटनी-सतना-मानिकपुर रेलखंड की सभी तरह की गाड़ियों में फॉग सेफ्टी डिवाइस (एफएसडी) लगाए गए हैं। इसके अलावा अन्य रेलखंड पर भी दौड़ने वाली रेलगाड़ियों में यह डिवाइस लगाई जा रही है। इसका फायदा ट्रेनों की टाइमिंग को बनाए रखने में मिल रहा है। साथ ही हादसों का जोखिम भी कम हुआ है।

रेल इंजनों में उपयोग करने से ट्रेनों की लेटलतीफी पर लगा विराम

लोको पॉयलटों को किया जा रहा प्रशिक्षित

रेलवे लोको पॉयलटों को ठंड और कोहरे के कारण उत्पन्न होने वाली आपात स्थिति के लिए प्रशिक्षण भी दे रहा है। उन्हें बताया जा रहा है कि कोहरे के दौरान रेल संचालन प्रभावित न हो इसके लिए क्या एहतियात बरता जाए। खासकर नए सहायक लोको पायलटो को ट्रेंड किया जा रहा है। ट्रेनों की रफ्तार, कोहरे की स्थिति में गति की सीमा, सिग्नल को चेक करने आदि जैसे तरीकों से अवगत कराया जा रहा है।

इनका कहना है

कोहरे से ट्रेनों का संचालन सर्वाधिक प्रभावित होता है। रेल मंडल में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए जा रहे हैं। इंजन में नई फॉग डिवाइस लगाई जा रही है। साथ ही रनिंग स्टॉफको इस तरह की परिस्थितियों से निपटने की ट्रेनिंग दी जा रही है।

-व्ही.के.शर्मा, स्टेशन प्रबंधक, कटनी

ड्राइवरों को प्रदान की जा रही टूलकिट

ट्रेनों में लगाए जाने वाले इंजनों के ड्राइवर की पेटी में ठंड और कोहरे से किसी भी आकस्मिक घटना से निपटने के लिए टूल किट प्रदान किए गए हैं। इसमें डेटोनेटर, टार्च, टेल लैम्प, रेड रिबन, पटाखे जैसे सामान हैं। इसके अलावा रूल बुक, टाइम बुक आदि भी दी गई है ताकि किसी भी तरह की गलतफहमी नहीं हो व संचालन बेहतर हो।

मंगलम मैरिज गार्डन

सुसज्जित एसी कमरे, इन्वर्टर की व्यवस्था, बाथरूम में (गीज़र) ठंडे-गरम पानी की सुविधा, पार्किंग व सीसीटीव्ही कैमरे सहित सर्वसुविधायुक्त परिसर

पता- तिलक कॉलेज मोड़ दुर्गा चौक कटनी (म.प्र.) मो. 9131557376, 8826017861

यशभारत हैल्पलाइन अखबार की प्रति के लिए फोन करें- 230033

लकवा एवं वात रोग विशेषज्ञ

डॉ. देबनाथ

लकवा, वात रोग, गठिया, हड्डियों जोड़ों का दर्द एवं सूजन कमर दर्द, घुटना, कंधा दर्द, सायटिका अर्थराइटिस का इलाज किया जाता है।

पता- शहीद द्वार नई बस्ती, कटनी मो. 9826154533 नोट-28 वर्षों से आपकी सेवा में उपस्थित

JOHNSON Not just tiles, Lifestyles.

सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान

समर्थ

मार्बल एण्ड ग्रेनाईट

पता- जॉकी शोरूम के पास में कटनी-जबलपुर रोड, बरगवां, मो. 9425153498, 7067666668

मरीज की सुरक्षा पहली प्राथमिकता

एडवांस्ड

सिटी स्कैन एवं एक्सरे सेन्टर

32-96 स्लाइस की अति आधुनिक 2021 मॉडल की मशीन परंपरागत सीटी मशीन की तुलना में रेडिएशन के दुष्प्रभाव से बेहतर सुरक्षा प्रदान करती है।

क्योंकि इसमें है विश्वस्तरीय टिन टेक्नॉलाजी एवं आर्टीफिशियल इन्टेलीजेन्स

समय के साथ विश्व स्तर पर विस्तृत हो रही टेक्नॉलाजी को अपनाएं एवं बेहतर सुरक्षा के साथ बेहतर रिजल्ट पाएं

जालपा वार्ड, घंटाघर रोड, कटनी शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक चौदहा की क्लीनिक के सामने

9893723087,8319994375, 8103404843 फोन 07622-494511

संपर्क करें- श्री हॉस्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड बरगवां, कटनी 9425325316, 9425151543, 9752414316

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)